■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-10 अंक-5

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार -03 मार्च , 2025




माहे रमजान की दिली मुबारकबाद

पत्नी से परेशान युवक नहर में कूदा बिधनू में मिला शव 7 | जुए की फड़ से भागे युवक की मौत का मामला-भीम आर्मी का हंगामा, पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की उठाई मांग 8

## भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया



दुबई ।स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के दमदार प्रदर्शन से भारत ने ग्रुप ए के अंतिम मुकाबले में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया। भारत का ग्रुप चरण में अजेय अभियान जारी रहा और टीम ने तीनों मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए इस चरण का अंत किया। भारत का सामना अब सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से चार मार्च को दुबई में होगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही थी।वहीं, एक अन्य सेमीफाइनल में पांच मार्च को न्यूजीलैंड की भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका से लाहौर में होगी।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में नौ विकेट पर 249 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए केन विलियमसन ने 81 रन बनाए, लेकिन न्यूजीलैंड की टीम 45.3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए वरुण ने शानदार प्रदर्शन किया और 10 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट झटके।वरुण का चैंपियंस ट्रॉफी में यह पहला ही मैच था और वह चमक बिखेरने में सफल रहे। न्यूजीलैंड एक समय अच्छी स्थिति में था, लेकिन वरुण ने दमदार प्रदर्शन कर भारत के पक्ष में रुख पलट दिया। भारत की ओर से वरुण के अलावा कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए, जबकि हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा को एक-एक विकेट मिला ।दिलचस्प बात यह है कि भारत इस मुकाबले में चार स्पिनर और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरा था। भारतीय टीम को चार स्पिनर उतारने का फायदा मिला क्योंकि न्यूजीलैंड के नौ विकेट स्पिनरों ने ही झटके। भारत की ओर से मोहम्मद शमी एकमात्र गेंदबाज रहे जो खाली हाथ रहे। उन्होंने हालांकि, इस मैच में सिर्फ चार ओवर गेंदबाजी की।न्यूजीलैंड की ओर से विलियमसन के अलावा कोई बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। कीवी टीम के लिए कप्तान मिचेल सैंटनर ने 28 रन, टॉम लाथम ने 14, डेरिल मिचेल ने 17, विल यंग ने 22, रचिन रवींद्र ने 6, ग्लेन फिलिप्स ने 12 और मैट हेनरी ने दो रन बनाए। काइल जैमिसन नौ रन बनाकर नाबाद लौटे।

वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए न्यूजीलैंड को नौवां झटका दिया।वरुण की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में मैट हेनरी अपना विकेट गंवा बैठे। हेनरी चार गेंदों पर दो रन बनाकर आउट हुए। वरुण को चैंपियंस ट्रॉफी में पहली बार खेलने का मौका मिला था और उन्होंने पहले ही मैच में जलवा बिखेरा। वरुण अब तक मैच में पांच विकेट ले चुके हैं।न्यूजीलैंड ने 45 ओवर की समाप्ति तक नौ विकेट पर 198 रन बना लिए हैं। अक्षर पटेल ने केएल राहुल के हाथों स्टंप कराकर केन विलियमसन को आउट किया और सातवीं सफलता हासिल की। विलियमसन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और अर्धशतक लगा चुके थे, लेकिन अक्षर की गेंद पर उन्होंने आगे बढ़कर खेलने का प्रयास किया और चूक गए।

## माणा में बर्फ में फंसे चार मजदूरों को बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान शुरू




उत्तराखंड के चमोली जिले में माणा हिमस्खलन स्थल में कई फीट बर्फ में अब भी फंसे चार मजदूरों को निकाले जाने के लिए रविवार को तीसरे दिन बचाव अभियान फिर शुरू कर दिया गया ।और फंसे मजदूरों को निकाले जाने के लिए राहत एवं बचाव अभियान सुबह से फिर शुरू हो गया है ।उन्होंने बताया कि लापता मजदूरों की खोजबीन के लिए जीपीआर सिस्टम भी आने वाला है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे तलाशी अभियान में तेजी आएगी और लापता लोग आज खोज लिए जाएंगे। तिवारी ने बताया कि सेना की ओर से राहत कार्य के लिए एमआई-17 हेलीकॉप्टर भी देहरादून पहुंच गया है और मौके पर आने वाला है ।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) भी मौके पर है जबकि एनडीआरएफ के और जवान भी पहुंचने वाले हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इस समय राहत कार्य के लिए सेना की ओर से एक निजी हेलीकॉप्टर समेत सात हेलीकॉप्टर राहत एवं बचाव में जुटे हैं ।उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर के जरिए हादसे में घायल लोगों को माणा से वापस लाने का कार्य शुरू हो गया है।करीब 3200 मीटर की उंचाई पर स्थित माणा गांव के पास शुक्रवार को हिमस्खलन होने से वहां रह रहे सीमा सड़क संगठन के 54 मजूदर बर्फ में फंस गए थे ।मजदूरों की संख्या पहले 55 बतायी जा रही थी लेकिन एक मजदूर के हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित अपने घर सुरक्षित पहुंच जाने की सूचना मिलने के बाद इस संख्या को संशोधित कर 54 कर दिया गया। इनमें से 50 को शनिवार तक बाहर निकाल लिया गया था जिनमें से चार की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी ।मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता और उत्तर भारत के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डी.जी. मिश्रा भी बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए हिमस्खलन स्थल पर पहुंच गए हैं।

## मस्जिद में बिना अनुमति लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के आरोप में मौलवी पर मुकदमा

पीलीभीत । उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र में एक मस्जिद में प्रशासन की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के आरोप में एक मौलवी पर मुकदमा दर्ज किया गया। जहानाबाद के थानाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि थाने में तैनात उपनिरीक्षक वरुण की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि शनिवार दोपहर काजीटोला स्थित एक मस्जिद में नमाज के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जा रहा था।

मिश्रा ने कहा कि मौलवी अशफाक को 25 फरवरी को ही उच्चतम न्यायालय और शासन के आदेशों से अवगत करा दिया गया था, जिनके मुताबिक सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर या पब्लिक एड्रेस सिस्टम का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मिश्रा ने बताया कि अशफाक 28 फरवरी की शाम को भी नमाज एवं अजान के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल कर रहे थे और मांगने पर वह कोई अनुमति पत्र नहीं दिखा सके थे।

उन्होंने कहा कि नियम के उल्लंघन के आरोप में मौलवी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 (सरकारी आदेशों की अवहेलना), 270 (सार्वजनिक उपद्रव) और 293 (किसी वैध प्राधिकरण की ओर से जारी निषेधाज्ञा के बावजूद सार्वजनिक उपद्रव जारी रखना)



के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मिश्रा के अनुसार, मौजूदा समय में माध्यमिक शिक्षा परिषद और अन्य बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर की तेज आवाज से परीक्षार्थियों और गंभीर रूप से बीमार लोगों को परेशानी होती है।

## बहुजन समाज पार्टी में बड़ा बदलाव- मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटाया

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने बीएसपी में बड़ा बदलाव करते हुए अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा।

बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने बीएसपी में बड़ा बदलाव करते हुए अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है। रविवार को बीएसपी की अहम बैठक में उन्होंने यह फैसला लिया।



मायावती ने पार्टी महासचिव आनंद कुमार और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को नया नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। जिस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेन्ट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं।

मायावती ने इस बात पर जोर दिया कि उत्तर प्रदेश के बहुजन समाज का विकास न केवल राज्य की प्रगति के लिए बल्कि पूरे देश की उन्नति के लिए जरूरी है। उन्होंने बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती के आगामी समारोहों की योजनाओं की रूपरेखा भी पेश की और उनकी विचारधारा के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की ।कांशीराम के सिद्धांतों के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि हालांकि उन्होंने कभी भी पार्टी में काम करने वाले परिवार के सदस्यों का विरोध नहीं किया, लेकिन उनका यह स्पष्ट मानना था कि अगर उनमें से कोई भी पार्टी या आंदोलन को नुकसान पहुंचाने के लिए उनके नाम का दुरुपयोग करता है, तो वह उन्हें तुरंत हटा देंगे।इस सिद्धांत के अनुरूप उन्होंने घोषणा की कि अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकालने के बाद उनके दामाद आकाश आनंद को भी पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से हटा दिया गया है।

मायावती ने अशोक सिद्धार्थ पर पार्टी में गुटबाजी पैदा करके विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया, जिससे बीएसपी की संगठनात्मक ताकत कमजोर हुई। उन्होंने पार्टी को कमजोर करने के उनके प्रयासों के उदाहरण के रूप में उनके बेटे की शादी से जुड़ी घटनाओं सहित हाल की घटनाओं का हवाला दिया।उन्होंने कहा कि यह अस्वीकार्य था और इसी के कारण उन्हें पार्टी से निकाला गया।

उन्होंने बताया कि आकाश आनंद को हटाना एक जरूरी कदम था, क्योंकि उनके ससुर का उन पर काफी प्रभाव हो सकता था।उन्होंने सुझाव दिया कि सिद्धार्थ के कार्यों ने आनंद के राजनीतिक दृष्टिकोण को पहले से ही प्रभावित करना शुरू कर दिया था, जो पार्टी के सर्वोत्तम हित में नहीं था। सिद्धार्थ को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने दावा किया कि उन्होंने न केवल बीएसपी को नुकसान पहुंचाया।

## सूटकेस में मिला कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल का शव, पुलिस ने जांच के लिए पांच टीमें गठित कीं



नई दिल्ली। हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की निर्मम हत्या से जिले में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने जांच तेज कर दी है। इसके लिए पुलिस ने पांच टीमें गठित की हैं। इस बीच कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। बता दें, हिमानी का शव शनिवार को सांपला बस स्टैंड के पास एक सूटकेस में मिला था। पुलिस ने बताया कि कुछ राहगीरों ने सूटकेस देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी थी ।सांपला थाना निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। उन्होंने कहा, हमें कल सुबह सूचना मिली थी कि बस स्टैंड के पास एक सूटकेस में एक लड़की की लाश मिली है। लड़की की पहचान हो गई है और मामला दर्ज कर लिया गया है। हमारी चार टीमें इस पर काम कर रही हैं।हम जल्द ही इस मामले का खुलासा करेंगे। आज पोस्टमार्टम किया जाएगा। हम मामले की जांच कर रहे हैं। हमें इसमें कोई राजनीतिक पहलू नहीं दिखता लेकिन हम अपना काम कर रहे हैं ।पुलिस ने बताया कि पीड़िता के गले में दुपट्टा बंधा हुआ था और उसके हाथों में मेहंदी लगी हुई थी। पुलिस को संदेह है कि रोहतक के विजय नगर इलाके की रहने वाली नरवाल की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या की गई है। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआईएमएस रोहतक ले जाया गया ।कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ता की मौत पर शोक व्यक्त किया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पार्टी ने लिखा, हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की बर्बर हत्या का समाचार बहुत दुखद और पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वो दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दें।इस मुश्किल समय में हम पूरे परिवार के साथ खड़े हैं।हिमानी के साथ हुई इस क्रूर और शर्मनाक घटना की निष्पक्ष जांच हो और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। श्रद्धांजलि।

## अमरोहा में पालतू बिल्ली की मौत से दुखी महिला ने की आत्महत्या

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में पालतू बिल्ली की मौत से दुखी एक महिला ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। हसनपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) दीप कुमार पंत ने बताया कि कोट हसनपुर मोहल्ला निवासी पूजा (36) ने शनिवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।उन्होंने कहा कि पूजा मानसिक रूप से बीमार थी और उसका मुरादाबाद में इलाज भी कराया गया था। परिजनों ने पुलिस को बताया, पूजा ने कुछ साल पहले एक बिल्ली पाली थी, जिससे वह बहुत प्यार करती थी ।हालांकि, बिल्ली पिछले दिनों गंभीर रूप से बीमार पड़ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पूजा तीन दिन तक बिल्ली के शव के साथ सोती रही। परिवार उसे समझा रहा था कि बिल्ली मर चुकी है।

पूजा की मां गजरा देवी ने बताया कि उसकी बेटी को अपनी बिल्ली से बहुत ज्यादा लगाव था और वह उसकी मौत के सदमे को सहन नहीं कर सकी। गजरा देवी ने कहा, पूजा हमें बिल्ली को दफनाने नहीं दे रही थी और उसके साथ सो रही थी। जब उसे एहसास हुआ कि उसकी बिल्ली वापस नहीं आएगी, तो वह घर की तीसरी मंजिल पर गई और आत्महत्या कर ली। सीओ ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## लखनऊ नगर निगम ने इकाना क्रिकेट स्टेडियम प्रशासन को 28 करोड़ रुपए कर चुकाने का नोटिस दिया

लखनऊ । लखनऊ नगर निगम ने भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम (इकाना स्टेडियम) प्रशासन को 28 करोड़ रुपये से अधिक का संपत्ति कर नोटिस जारी किया है। इकाना स्टेडियम में इस माह महिला प्रीमियर लीग और अगले माह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले होने हैं। ऐसे में यह नोटिस इन मुकाबलों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा सकता है। हालांकि स्टेडियम प्रशासन ने इस नोटिस को गलत बताते हुए इस बारे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने की बात कही है ।नगर निगम द्वारा अपर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक नगर निगम के जोन-चार ने शनिवार को इकाना स्टेडियम को 28,42,96,903 रुपये संपत्ति कर चुकाने का नोटिस दिया है। बयान के मुताबिक, ''स्टेडियम प्रशासन को एक दिसंबर 2020 से निर्धारित कर राशि 5,45,32,654 रुपये और बाकी बकाया राशि 22,97,64,249 रुपये का भुगतान नगर निगम के कोष में किया जाना है।

## महाकुंभ पर अध्ययन करेगा अमेरिका का प्रतिष्ठित कोलंबिया विश्वविद्यालय, चर्चा सात समंदर पार

लखनऊ।प्रयागराज महाकुंभ से अमेरिकी भी हैरत में हैं।अपनी आबादी से दोगुना यानी 62 करोड़ लोग एक जिले में आकर स्नान कर रहे हैं, यूपी सरकार के इस मैकेनिज्म की चर्चा सात समंदर पार अमेरिका में भी है।

दुनियाभर में प्रतिष्ठित कोलंबिया विश्वविद्यालय ने यह बीड़ा उठाया है, जिसमें डिजिटल महाकुंभ की अवधारणा पर काम होगा।गंगाजल की पवित्रता का ही असर है कि कुंभ से बड़ी संख्या में अमेरिकी नागरिकों ने जल मंगाया है। फरवरी के तीसरे हफ्ते में महाकुंभ में स्नान के लिए अमेरिका से प्रयागराज आए पद्मश्री डॉ. निरुपम बाजपेयी ने यह जानकारी दी। कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डॉ. बाजपेयी ने बताया कि महाकुंभ की वजह से 33 वर्ष बाद अपने जन्मस्थान प्रयागराज सपरिवार जा सका।

64 करोड़ लोगों के संगम का यह अनुभव केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे अमेरिका के लिए कौतूहल का विषय है।

दुनिया का सबसे बड़े आयोजन एक जिले में इतनी भव्यता के साथ हो रहा है, यही केस स्टडी है। उन्होंने सुविधाओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूरी टीम की तारीफ करते हुए कहा कि दुनिया के किसी भी देश के लिए इतना विशाल आयोजन आसान नहीं है लेकिन उत्तर प्रदेश में इस अकल्पनीय से लगने वाले आयोजन की सफलता की चर्चा अमेरिका में भी है।

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को


माहे रमजान की दिली मुबारकबाद



सम्पादक (बी.पी.साहू)

मो.8423454502,

व्हाटसअप 335908846




बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें

www.bpsnews.in


## संपादकीय

### साइबर मकड़जाल

यह खबर परेशान करने वाली है कि म्यांमार और पूर्वी एशिया के कई देशों से जो संगठित साइबर अपराध संचालित हो रहे हैं, उनके चंगुल में बड़ी संख्या में भारतीय युवा भी हैं। हाल ही में म्यांमार के दुर्गम इलाकों में बनाये गए साइबर अपराधियों के अड्डों से सत्तर भारतीय युवाओं को छुड़ाया गया है। जिनको डरा-धमकाकर भारत में साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिये इस्तेमाल किया जाता था। बताया जाता है साल 2022 के बाद म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया आदि से छह सौ से अधिक भारतीयों को अपराधियों के चंगुल से बचाया जा चुका है। आशंका है कि कई हजार भारतीय युवा म्यांमार समेत विभिन्न देशों में साइबर अपराधियों के अड्डों में जबरन रोके गए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय युवा प्रतिभाएं दलालों की साजिश से संगठित साइबर अपराध करने वाले अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों के चंगुल में फंस जाती हैं। विडंबना ही है कि हम अपने युवाओं को न तो रोजगार दे पा रहे हैं और न ही विदेशों में अपना भविष्य संवारने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को फर्जी एजेंटों के चंगुल से बचा पा रहे हैं। आखिर हमारी एजेंसियां ऐसी धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों पर नकेल क्यों नहीं कस पा रही हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि युवा अपनी जमीन बेचकर व कर्ज उठाकर विदेश जाते हैं, लेकिन एजेंटों की धोखाधड़ी से वे साइबर अपराधियों के शिकंजे में फंस जाते हैं। दरअसल, साइबर अपराधियों का मकड़जाल इतना मजबूत हो चुका है कि बिना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के उन पर नियंत्रण कर पाना संभव न होगा। ऐसे वक्त में जब साइबर अपराधियों का नेटवर्क दुनिया की आर्थिकी को चूना लगा रहा है, मिल-जुलकर इनके खिलाफ अभियान चलाना वक्त की जरूरत है। निश्चित रूप से यह एक विकट संकट है, जिसे दुनिया के देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह जानते हुए कि साइबर अपराधियों का संगठन लगातार ताकतवर होता जा रहा है और वे समानांतर काली अर्थव्यवस्था चला रहे हैं।दरअसल, हो यह रहा है कि देश-दुनिया में ऑनलाइन फ्रॉड लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वे सुनहरे सपने दिखाकर बेरोजगार युवाओं को फंसाते हैं। उन्हें जगह कोई और बतायी जाती है और अंततः साइबर अपराधियों के अड्डों पर पहुंचा दिया जाता है। युवाओं के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं। ये अड्डे ऐसी जगहों पर होते हैं कि उस देश की पुलिस की पकड़ में वे आसानी से नहीं आते। हाल के वर्षों में साइबर अपराधी इतने चतुर-चालाक हो गए हैं कि निगरानी करने वाली एजेंसियों की पकड़ से आसानी से बच जाते हैं। हाल ही में जिन सत्तर भारतीयों को म्यांमार में साइबर अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराया गया, उसमें म्यांमार के सीमा सुरक्षा बल की बड़ी भूमिका रही है। इन मुक्त कराए गए भारतीयों में पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना,यूपी व राजस्थान आदि राज्यों के लोग थे। इसी तरह म्यांमार व अन्य पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसे हुए भारतीयों को मुक्त कराने के लिए इन देशों की सरकारों से सहयोग मांगा जाना चाहिए।

# नेताओं को बौना बना रही है संकीर्णता

नाम बदलने का यह सिलसिला अब नया नहीं लगता। चौंकाता भी नहीं। पिछले दो दशकों में न जाने कितनी जगह के नाम बदले गये हैं। ज़्यादातर नाम मुसलमानों के हैं। सवाल उठता है कि ऐसा क्यों ? नाम बदलने से इतिहास नहीं बदलता। औरंगजेब ने भले ही अत्याचार किये हों, पर वह वर्षों तक इस देश में शासन करता रहा, यह हकीकत तो अपनी जगह है। फिर, हम क्यों भूल जाते हैं कि किसी औरंगजेब को याद करने का मतलब उन अत्याचारों की भी याद दिलाता है, जिनसे हमारे इतिहास के पन्ने भरे हुए हैं। ऐसी बातों को याद रखना इसलिए भी ज़रूरी है कि इन्हें दुहराया न जाये।बहरहाल, जगहों के नाम बदलना कोई नयी बात नहीं है। पर इस प्रक्रिया के पीछे की मानसिकता को भी समझा जाना चाहिए।



हमें इस सच्चाई को समझना होगा कि किसी भी भाषा को धर्म के साथ जोड़ना अपने आप में एक अपराध है। जिस तरह हिंदी सिर्फ हिंदुओं की नहीं, भारत की भाषा है, उसी तरह उर्दू सिर्फ किसी धर्म विशेष की नहीं, पूरे भारत की भाषा है। भले ही अलग-अलग राज्यों में विभिन्न भाषाएं हों, पर हैं सब भारत की भाषाएं।

भूल जाना आदमी की फितरत है। आदमी अच्छी बातें भी भूल जाता है, और बुरी बातें भी। बुरी बातों को भूल जाना तो अच्छी बात है, पर कुछ अच्छी बातों को भूल जाना अच्छा नहीं है। ऐसी ही अच्छी बात वर्ष 1965 की भारत-पाक लड़ाई है, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को मात दी थी। पता नहीं कितनों को याद होगा कि उस लड़ाई में अब्दुल हमीद नाम का एक भारतीय सैनिक भी था, जिसने पाकिस्तानी टैंकों को नष्ट करके हमारी जीत को संभव बना दिया था। तब क्वार्टर मास्टर अब्दुल हमीद ने हमें जिता तो दिया, पर अपनी जान की कीमत देकर। कृतज्ञ राष्ट्र ने उस जांबाज शहीद को मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया था।इस शहीद का जन्म उत्तर प्रदेश के दुल्लहपुर नामक गांव में हुआ था। गांव वालों ने अपने इस सपूत के सम्मान में गांव के स्कूल का नाम वीर अब्दुल हमीद उच्च प्राथमिक विद्यालय रखा था। बरसों से यह नाम गांव की एक पहचान बना हुआ था। कुछ ही अर्सा पहले स्कूल का नाम बदल दिया गया- नया नाम पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय धामपुर कर दिया गया। क्यों बदला गया, किसी ने नहीं बताया। बस बदल दिया!

नाम बदलने की यह अकेली घटना नहीं है। कुछ दिन पहले ही उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से मऊ को जोड़ने वाली सड़क पर बने एक द्वार का नाम ऐसे ही बदल दिया गया था। ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के नाम का यह द्वार बुलडोजर चला कर गिरा दिया गया। मुख्तार अहमद अंसारी के नाम पर बने एक कॉलेज की दीवारें गिरा देने वाला समाचार भी हाल ही का है। यह बात भुला दी गयी कि मुख्तार अहमद अंसारी कभी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। आज़ादी की लड़ाई के दौरान यह पद संभालने वाले अंसारी जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी की नींव रखने वालों में थे।

नाम बदलने का यह सिलसिला अब नया नहीं लगता। चौंकाता भी नहीं। पिछले दो दशकों में न जाने कितनी जगह के नाम बदले गये हैं। ज़्यादातर नाम मुसलमानों के हैं। सवाल उठता है कि ऐसा क्यों ? नाम बदलने से इतिहास नहीं बदलता। औरंगजेब ने भले ही अत्याचार किये हों, पर वह वर्षों तक इस देश में शासन करता रहा, यह हकीकत तो अपनी जगह है। फिर, हम क्यों भूल जाते हैं कि किसी औरंगजेब को याद करने का मतलब उन अत्याचारों की भी याद दिलाता है, जिनसे हमारे इतिहास के पन्ने भरे हुए हैं। ऐसी बातों को याद रखना इसलिए भी ज़रूरी है कि इन्हें दुहराया न जाये।बहरहाल, जगहों के नाम बदलना कोई नयी बात नहीं है। पर इस प्रक्रिया के पीछे की मानसिकता को भी समझा जाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि शहरों आदि के नाम बदलने का काम सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में ही हो रहा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, द्रमुक आदि पार्टियों ने भी अपने-अपने शासन काल में इस तरह नाम बदले हैं। सच्चाई यह है कि अक्सर यह बदलाव राजनीतिक स्वार्थ का परिणाम होते हैं। अपने-अपने हितों के लिए हमारे राजनीतिक दल अक्सर जगहों का नाम बदलना एक आसान मार्ग समझ लेते हैं। लेकिन, यह आसान मार्ग अक्सर राष्ट्रीय हितों से भटका देता है, इस बात को भुलाना अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है।देश में, विशेषकर उत्तर प्रदेश में नाम बदलने की जो कवायद इस समय चल रही है वह उन सबके लिए चिंता का विषय होनी चाहिए जो राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हैं। सन ? 2012 से 2022 के बीच उत्तर प्रदेश में 11 जिलों के नाम बदले गये थे, और यह प्रक्रिया लगातार जारी है। इलाहाबाद का प्रयागराज होना या फैजाबाद को अयोध्या नाम दिया जाना तो फिर भी कुछ समझ आता है, पर गोरखपुर के उर्दू बाज़ार को हिंदी बाज़ार नाम देने का क्या तुक है ? न जाने कब से यह विवाद चल रहा है। एक वक्त ऐसा भी आया था जब इस बाज़ार में एक तरफ की दुकानों के बोर्ड पर पता उर्दू बाज़ार लिखा होता था और दूसरी तरफ हिंदी बाज़ार। इस बाज़ार को यह नाम इसलिए दिया गया होगा कि यहां अधिकतर दुकानों पर उर्दू किताबें बिकती थीं। किताबों की कुछ दुकानें अब भी हैं। दोनों भाषाओं की किताबें बिकती हैं यहां, शायद उर्दू की किताबों वाली दुकानें संख्या में अधिक हों। इस उर्दू बाज़ार को हिंदी बाज़ार नाम देने की जिद क्यों ? इस तरह की ज़िद से समाज जुड़ता या बनता नहीं, टूटता और बिखरता है।उत्तर प्रदेश में एक और अभियान भी चल रहा है- उर्दू को कठमुल्ला बनाने की भाषा घोषित करने का! राज्य की विधानसभा में कार्रवाई के अवधी, बृज आदि अनुवादों की व्यवस्था की गई है। जब सदन में यह मांग की गयी कि ऐसी व्यवस्था उर्दू के लिए भी की जानी चाहिए तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- उर्दू माध्यम से पढ़ाकर कठमुल्ले बनाये जा रहे हैं। इस पर विवाद होना स्वाभाविक था। विवाद चल भी रहा है। किसी भी भाषा के प्रति इस तरह के विचार रखना अपने आप में किसी अपराध से कम नहीं है। पर हमारे राजनेता ऐसे अपराध को राजनीतिक स्वार्थ साधने का माध्यम मानते हैं। यही नहीं, अब तो यह भी खुलेआम कहा जा रहा है कि उर्दू इस देश की भाषा ही नहीं है। कौन बताये कि उर्दू भाषा का जन्म इसी भारत में हुआ है, उत्तर प्रदेश के शहर मेरठ के आस-पास। मीर, ग़ालिब, फिराक, मंटो जैसे रचनाकारों की भाषा है उर्दू। इसे कठमुल्ला बनाने वाली भाषा कहकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने वास्तव में अनुचित ही कहा है। उन्हें शायद यह भी याद नहीं, या वे याद रखना नहीं चाहते, कि वर्ष 1989 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री एन.डी. तिवारी ने उर्दू को राज्य की दूसरी राजभाषा घोषित किया था।योगी आदित्यनाथ शायद यह भी भूल गये हैं कि भाषा के आधार पर राजनीति करना देश के उस संविधान का उल्लंघन करना है जिसका गुणगान वे अक्सर करते रहते हैं। उन्हें यह भी याद दिलाना पड़ेगा कि जिस भाषा को वह कठमुल्लों की भाषा कह रहे हैं, उसके शब्द हिंदी में भरे पड़े हैं। बिना उर्दू शब्दों वाली हिंदी की कल्पना करना भी मुश्किल है। बिना उर्दू शब्दों के हिंदी के पांच वाक्य लिखना अपने आप में एक चुनौती है।

# सामाजिक सामंजस्य के लिए आजीवन और अंतर

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर हम मनीषी जीव के अनेक रूप देखते हैं, कोई सड़क पर भीख मांग रहा है तो कोई विश्व का सबसे अमीर है! कोई स्वास्थ्यता से डैमेज होकर दिव्यांग है तो कोई विश्व कासबसे स्वस्थ व्यक्ति !कोई बच्चा फुटपाथ पर जीवन जी रहा है तो कोई महलों में है। हालांकि इस स्थिति को किस्मत का खेल भी हम मानते हैं परंतु इस बात से हम इनकार नहीं कर सकते कि अगर एक माली या किसान जमीन में कोई बीज बोकर उसका सतर्कता से ध्यान रखना है, अंकुरित होकर पौधा होने तक उसका पूरा ध्यान रखना है तो अधिकतम संभावना उसके फलदार वृक्ष बनकर आजीवन स्वस्थ उत्पादकता बनी रहती है, जिसकी नीव उसे अंकुरित बीज की देखभाल करने से पड़ी! ठीक उसी तरह अगर हम अपने बच्चों के स्वास्थय, जीवन शैली, स्वस्थ्य विकास,गुणवत्ता सुधार पर उनके बचपन से ही गंभीरता व सतर्कता से ध्यान देंगे तो उनमें गुण ही अंकुरित होते जाएंगे उनके स्वास्थ्य व स्वस्थ्य विकास के फल उनके जीवन पर्यंत मिलेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ बच्चों में स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्ता सुधार स्वस्थ्य विकास रूपी बीज बोकर उन्हें जीवन पर्यंत स्वस्थ व फलदार वृक्ष रूपी गुणवान बनाएं।



साथियों बात अगर हमह्ल हम बच्चों के स्वास्थ्य की करें तो ,परिवार और उनकी मदद करने के लिए कड़ी मेहनत करने वालों के प्रति अपना समर्थन दिखाते हैं परिवार की आय बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख कारक है। उन्नीसवीं सदी के मध्य तक बच्चों के उपचार के लिए कोई समर्पित सुविधा नहीं थी। उनका इलाज घर पर ही किया जाता था और अगर परिवारों के लिए यह विकल्प नहीहोता था , उस समय बच्चों के स्वास्थ्य की समझ को परिभाषित नहीं किया गया था और अक्सर परित्यक्त और अनाथ बच्चों को शिशु आश्रय गृहों में छोड़ दिया जाता था। अब समय के विकास के साथ बच्चों के स्वास्थ्य और गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे की करें तो,पिछले दशकों में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का जीवित रहना वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे का मुख्य केंद्र रहा है। परिणाम स्वरूप, 1990 और 2019 के बीच वैश्विक बाल मृत्यु दर में 60 प्रतिशत की कमी आई। 2020 में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाली 5.2 मिलियन मौतों में से कई मौतें कमज़ोर आबादी में केंद्रित थीं, विशेष रूप से उप सहारा अफ़्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में !इस बात के प्रमाण के आधार पर कि आजीवन स्वास्थ्य, उत्पादकता और कल्याण की नींव बचपन में ही रखी जाती है, स्वास्थ्य क्षेत्र की यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि बच्चे न केवल जीवित रहें,बल्कि फलते- फूलते रहें। सतत विकास लक्ष्यों में छोटे बच्चों के विकास को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट लक्ष्य शामिल हैं,जो मानव पूंजी उत्पन्न करता है जो हर बच्चे का अधिकार है, और न्यायसंगत और सतत प्रगति के लिए आवश्यक है। एक सुरक्षित, स्वस्थ और सुरक्षात्मक वातावरण यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि सभी बच्चे अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ सकें और विकसित हो सकें। बता दें 12-14 नवंबर 2024 को मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य और पोषण के लिए रणनीतिक और तकनीकी सलाहकार समूह के विशेषज्ञों की 10 वीं बैठक का एजेंडा विश्व बैंक द्वारा तैयार कर लिया गया है।

बचपन की बीमारियों का प्रबंधन गुणवत्तापूर्ण, बाल-केंद्रित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के कार्यान्वयन का समर्थन करके,डब्लू एचओ देशों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में काम करने में मदद करता है।उसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी बच्चे अपना 10 वां जन्मदिन अच्छे स्वास्थ्य में मना सकें।स्वास्थ्य सुविधाओं में लाए गए बच्चे अक्सर एक समय में एक से अधिक स्थितियों से पीड़ित होते हैं, और पर्याप्त देखभाल प्रदान करना एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। कम संसाधन वाले देशों में प्रथम स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं में, रेडियोलॉजी और प्रयोगशाला सेवाओं जैसे नैदानिक ??समर्थन न्यूनतम या न के बराबर होते हैं, और दवाएँ और उपकरण अक्सर दुर्लभ होते हैं निमोनिया, दस्त,मलेरिया खसरा और कुपोषण। इसके तीन घटक हैं- स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के केस प्रबंधन कौशल में सुधार, समग्र स्वास्थ्य प्रणालियों में सुधार, और परिवार और सामुदायिक प्रथाओं में सुधार।प्रसार वाले क्षेत्रों के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। इसे 10 वर्ष तक के बच्चों तक विस्तारित करने के लिए चर्चा चल रही है। साथियों बात अगर हम बच्चों के पालन पोषण की करें तो जिस तरह से माता, पिता और अन्य देखभालकर्ता शुरुआती वर्षों में बच्चों का पालन-पोषण और समर्थन करते हैं, वह स्वस्थ विकास और वृद्धि के लिए सबसे निर्णायक कारकों में से एक है जिसमें स्वास्थ्य, उत्पादकता और सामाजिक सामंजस्य के लिए आजीवन और अंतर-पीढ़ीगत लाभ हैं।बेहतर तरीके से बढ़ने और विकसित होने के लिए, बच्चों को पोषण संबंधी देखभाल प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। इसका मतलब है कि वे पर्याप्त पोषण और अच्छेस्वास्थ्य का आनंद लें, सुरक्षित और संरक्षित महसूस करें, और जन्म से ही सीखने के अवसर प्राप्त करें। बीमारी के दौरान विशेष स्तनपान, टीकाकरण और समय पर देखभाल सभी बच्चे के स्वस्थ विकास और वृद्धि में योगदान करते हैं। स्वच्छ हवा, पानी और स्वच्छता, और खेलने और मनोरंजन के लिए सुरक्षित स्थान भी छोटे बच्चों के लिए तलाशने और सीखने के लिए महत्वपूर्ण हैं।जब देखभाल करने वालों को उनके देखभाल के तरीकों, परिवार, समुदाय और स्वास्थ्य सेवाओं में समर्थन मिलता है।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## बीपीएस न्यूज, कानपुर

### फार्म-4

### ( नियम 8 के देखिए )

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | : | कानपुर ( यूपी ) |
| 2. प्रकाशन अवधि | : | साप्ताहिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : | बुद्ध प्रकाश साहू |
| क्या भारत का नागरिक है ? | : | हां |
| ( यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : | X X X X X |
| पता- | : | 344, बगाही भट्ठा, टी.पी.नगर कानपुर नगर |
| 4. प्रकाशक का नाम | : | बुद्ध प्रकाश साहू |
| क्या भारत का नागरिक है ? | : | हां |
| ( यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : | X X X X X |
| पता- | : | 344, बगाही भट्ठा, टी.पी.नगर कानपुर नगर |
| 5. सम्पादक का नाम | : | बुद्ध प्रकाश साहू |
| क्या भारत का नागरिक है ? | : | हां |
| ( यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : | X X X X X |
| पता- | : | 344, बगाही भट्ठा, टी.पी. नगर, कानपुर नगर |

मैं बुद्ध प्रकाश साहू एत्‌द्धारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक : 03 मार्च 2025 ह/- बुद्ध प्रकाश साहू

**प्रकाशक**

मैं बुद्ध प्रकाश साहू एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उपरोक्त विवरण सत्य है।

# 'अयं निजः परोवेत्ति' से कही आगे 'वसुधैव कुटुंबकम्' का भाव जगा गया महाकुंभ

अब उदास है प्रयागराज का वह भीड़ भाड़ वाला दस किमी का क्षेत्र, वहां के लोगो से अब कोई रास्ता नहीं पूछता ना ही अब कोई यह कहता है कि भईया आगे तक ले चलोगे क्या ! प्रयागराज पुनः अपने अलसाए रंग में लौट रहा। उन दिनों मीडिया में खूब चला साधु संतों और करोड़ों भक्तों के आस्था का हाल - चाल । सबसे बड़ा आयोजन , हम जैसे पत्रकार दो से दस बार स्नान किए होंगे इस दिव्य महाकुंभ के पुनीत आयोजन में , खुद मैंने दो बार किया पावन स्नान । क्या साधु क्या सन्यासी क्या व्यवसाई क्या नेता और क्या अभिनेता ! सबने अपनी आस्था के अनुसार कुंभ को महाकुंभ बनाने में योगदान दिया । जिसका जैसा भाव था उसे वैसा दृश्य दिखा सुअर दृष्टि को गंदगी दिखी और गिद्धों को लाशे दिखी , नफरतियों को घृणा दिखी, जातिवादी नेताओं को डर दिखा , संतों, समर्थकों और भक्तों को मां गंगा का प्यार दुलार दिखा । तो इस तरह समापन हुआ 144 साल बाद आयोजित हुआ विशेष, भव्य, दिव्य महाकुंभ का ! हिंदू आत्मा में बसा यह महापर्व और यहां मिला सर्व समावेशी हिंदू संस्कृति जो सबसे सहिष्णु और उदार हैं का लोहा पूरी दुनिया ने माना । इसे भविष्य में विचारधाराओं की कुंठा में न बांधा जायें। इसे श्रेष्ठता बोध की कुंठा में न बांधा जायें। न बांधा जायें इसे जाति, समाज, संप्रदाय और 'मैं' की लिप्सा में। बंधन मुक्त हिंदुत्व बाल लीलाओं में कान्हा के विराट मुख जितना ही विराट रहा यह दिव्य महाकुंभ। मैं पत्रकार और कॉल्मिस्ट पंकज सीबी मिश्रा जनपद जौनपुर के तहसील केराकत से चलकर इस महाकुंभ तक स्वयं गया और पाया कि यहां 'अयं निजः परोवेत्ति' से आगे बढ़ कर 'वसुधैव कुटुंबकम' का लक्ष्य प्राप्त हुआ, अंत्योदय ( समाज के अंतिम व्यक्ति के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक उत्थान ) के साथ कुंठा मुक्त और प्रेम युक्त भाव ही इस विश्व को हिंदुत्व के रंग में रंग सकता है।मैने पाया कि विश्व बंधुत्व को गंगा सी उन्मुक्त स्वतंत्रता दी जाये जिससे यह अपनी सभी धाराओं को समेट कर हिमालय के दुर्जन वनों से निकल कर विशाल गंगासागर और एकाकी जाति वाला महाकुंभ बन जायें । कुंभ से आयी महामहिम द्रौपदी मुर्मू की तस्वीर हिंदुत्व की उसी दिशा में जाती सोच का खंडन है जहां जाति दमन का झूठा डर दिखा कर वोट लूटे जाते है । जिस प्रकार उड़ीसा के सूदूर एक गांव की एक आदिवासी समुदाय की एक महिला भारत जैसे संघ की राष्ट्राध्यक्षा बन सकतीं हैं उसी प्रकार अंत्योदय की भावना से पूरे विश्व के हिंदू समाज का कल्याण हो सकता हैं। यह कुंभ हिंदुत्व के सांस्कृतिक उत्थान में बेहद विशेष टर्निंग प्वाइंट सिद्ध होगा। वैसे महाशिवरात्रि को समाप्त हुए इस दिव्य महाकुंभ में बने कई महारिकॉर्ड जिसे सराह रही दुनिया! आइए आपको ले चलते है रिकॉर्ड की ओर ही- महारिकॉर्ड-1 श्रद्धालु के लिए, अमेरिका की आबादी से दोगुने 66करोड़ 30 लाख लोग महाकुंभ पहुंचे। महारिकॉर्ड-2 इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 4 हजार हेक्टेयर का महाकुंभ क्षेत्र दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम से 160 गुना बड़ा। महारिकॉर्ड-3 कुंभ सिटी के लिए 4 लाख से ज्यादा तंबू और 1.5 लाख टॉयलेट बने। महारिकॉर्ड-4 ट्रांसपोर्टेशन के लिए 13,830 ट्रेनों से पहुंचे 30.2 करोड़ श्रद्धालु इस दौरान 2,800 से ज्यादा फ्लाइट्स प्रयागराज पहुंचीं, जिसमें 4.5 लाख श्रद्धालुओं ने यात्रा की। महारिकॉर्ड-5 सिक्योरिटी के लिए 50 हजार सुरक्षाकर्मी और 2700 कैमरों से महाकुंभ की सुरक्षा ।महारिकॉर्ड-6 हेल्थ के लिए मेला क्षेत्र में 43 हॉस्पिटल बने 6 लाख लोगों का इलाज किया गया। महारिकॉर्ड-7 स्वच्छता के लिए 4 लाख डस्टबिन लगे, 11 हजार कर्मियों ने सफाई की, हर 25 मीटर पर एक डस्टबिन। महारिकॉर्ड-8 कारोबार के लिए मेला क्षेत्र में 3 लाख करोड़ के लेन-देन का अनुमान।



**पंकज सीबी मिश्रा /राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

सनातन की जय जयकार हो। अमृत कैसे पाना है ? डुबकी लगाना ही अमृत पाना नहीं होता है ! और भी तरीके हैं अमृत पाने के, गंगा जी जाते हुए लोगों को भोजन पानी दवा के लिए जिन जिन ने पूछा वो अमृत के योग्य हो गए, लोगो के लिए अच्छी व्यवस्था जिन्होंने कर दी वे अमृत के भागी निश्चित रूप से बन गए। गंगा जी जाने में जो अक्षम है उसे नहला दिया , अमृत वर्षा आपके ऊपर हो गई। गंगा जी के आस पास रहकर लोगों की सेवा कर दिया , अमृतपान यही है। संयम और व्यवस्था के लिए खुद को पीछे कर लिया , साधन और संपन्न होने के बावजूद उसे आधार नहीं बनाए, आप अमृतवान हो गए । धैर्य, विनम्रता और दृढ़ता के साथ किसी भी समस्या का समाधान हो सकता है, किसी को कोसने की बजाय जितना हो सके समाधान के लिए प्रयास करना अमृत की ओर पग बढ़ाना है। यदि कोई किसी कारण गंगा जी नहीं जा पाया तो वह यह न सोचे कि वह अमृत से वंचित रह गया।

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल ( पोर्टल ) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

संपर्क करें -:

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# जिलाधिकारी ने इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी का चुनाव न कराये जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की




बीपीएस न्यूज

कानपुर। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी कानपुर शाखा के पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई द्य बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समिति केंद्र सदस्यों के सुझाव मांगे, जिससे इस सोसाइटी को आम जनमानस के हितों की पूर्ति के लिए बेहतर सजग किया जा सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वप्रथम समिति का चुनाव कराया जाए द्य उन्होंने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त समिति का चुनाव 2024 में होना चाहिए था लेकिन बिना किसी बड़े कारण के चुनाव नहीं कराया गया, जोकि ठीक नहीं है।जिलाधिकारी ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी सरकारी स्कीम को धरातल पर लागू करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। जो डॉक्टर ओपीडी या अपने चेंबर में समय से नहीं बैठते हैं या जो सरकारी डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस भी कर रहे हैं, इन सबकी सूचनाएं भी समय – समय पर मुझसे साझा की जाए ताकि उनपर जनहित में उचित कार्रवाई किया जा सके द्य उन्होंने निर्देश दिए कि समिति के द्वारा समय-समय पर जागरूकता कैंप लगाए जाए द्य समिति व उसके सदस्य डॉक्टर की जवाबदेही बढ़ाने में जनमानस का सहयोग कर उनके लिए हितकर बनें। संस्था समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाए व राहत कार्यों के साथ-साथ क्षेत्रीय गोष्ठियों का भी नियमित आयोजन करेंद्य उन्होंने सदस्यों को पब्लिक से जुड़ने व उन्हें खुद से जोड़ने के लिए निर्देश दिए द्य कहा कि संस्था जनहित में सजग प्रहरी के रूप में कार्य करें।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में की जनसुनवाई, दिए निर्देश

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। इस दौरान मर्दनपुर, बिधनू निवासी यशवंत सिंह ने शिकायत किया कि मर्दनपुर - कंचनपूर्वा पुल क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे लोगों के आने-जाने में जोखिम बना हुआ हैद्य इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को मौके पर जाकर उचित कार्रवाई कर निस्तारण के निर्देश दिए 7 ग्राम शिवराजपुर निवासिनी मिथिलेश ने शिकायत किया कि उनकी खरीदी गई भूमि चकबंदबस्त संख्या 215 व 217 के सामने आम रास्ते पर दबंगों ने शौचालय टैंक व पिलर बना लिया हैद्य यह भी शिकायत किया कि भूमि संख्या 213 का रकबा दो बिस्वा 4 जिसमें पूरे मोहल्ले का रास्ता रामलीला ग्राउंड से है जहां पिछले 150 वर्षों से रामलीला हो रही हैद्य प्रार्थिनी का कहना है कि उसके द्वारा पूर्व में भी उप जिलाधिकारी बिल्हौर व थानाध्यक्ष शिवराजपुर को कई बार प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है लेकिन अब भी उक्त सार्वजनिक भूमि पर दबंग रमाशंकर द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा है द्यप्रार्थिनी का यह भी कहना है कि थाना शिवराजपुर हलका इंचार्ज के समक्ष विगत 4 फरवरी 2025 को 9 फुट 6 इंच रास्ता छोड़ने का लिखित- पढ़त में फैसला हो गया था, परंतु उक्त दबंग द्वारा अभी भी अवैध निर्माण कराया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए एडीओ पंचायत, शिवराजपुर को मामले का निस्तारण कर आख्या देने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान फरियादियों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष अन्य समस्याएं भी बताई गई, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों के समय से निराकरण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए।

# दहेज लोभियों ने महंगी बाइक और 50 हजार की खातिर तोड़ा जिंदगी भर का नाता

**चमनगंज में दहेज लोभियों ने युवती को धक्के मारकर निकाला, तीन तलाक की धमकियां**
**पीड़िता ने कमिश्नर से लगाई गुहार, थाने को दिये जांच व कार्रवाई के आदेश**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। चमनगंज में दहेज लोभियों ने विवाह के महज 6 माह बाद ही दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर युवति को धक्के मारकर घर से निकाल दिया।युवति के गरीब पिता ने किसी तरह गिड़गिड़ाकर समझाकर बेटी को वापस ससुराल में दाखिल तो करवाया, लेकिन इस बार उसके पति, सास-ससुर, देवरों और नंदों आदि ने गालीगलौज और मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पति ने बेचारी युवती पर अपने ही सगे भाइयों, यानि देवरों से अवैध संबंधों के झूठे आरोप लगाकर मारपीट शुरू कर दी। दिन-रात जानवरों की तरह काम करवाया, खाने-पीने तक को तरसा दिया। इससे डरकर पीड़िता ने खाना-पीना तक छोड़ दिया।सास-ससुर ने महंगी बाइक और 50 हजार नकद मायके से नहीं ला पाने पर जलाकर या खाने में जहर मिलाकर मार डालने की धमकियां दीं। पति ने तीन-तलाक की धमकियां जारी रखीं। फिर भी गरीब बैटरी रिक्शा चालक पिता एक्स्ट्रा दहेज की मांग पूरी नहीं कर पाया, तब दहेज लोभियों ने यवति को पीटकर घर से निकाल दिया।सोमवार को चमनगंज निवासी सीनियर सिटीजन की 22 वर्षीय पुत्री द्वारा पुलिस कमिश्नर के सामने पेश होकर दी गई तहरीर में ससुरालियों पर ये गंभीर आरोप लगाये गये हैं। पीड़िता ने बताया कि निकाह के महज चंद महीनों बाद ही पति ने, फिर सभी ससुरालियों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। एक वर्ष बीतने के पूर्व ही पति, सास-ससुर ने दोबारा से मारपीट करके, बिना सामान दिये ससुराल से बाहर निकाल दिया। समझाईश के लिये पहुंचे पिता को भी सरेआम बेइज्जत किया। मां और बहनों के संग कमिश्नर के सामने पेश हुई पीड़िता ने रो-रोकर ससुरालियों पर जिंदगी बर्बाद करने की कहानी बताई। इसपर कमिश्नर ने थाना चमनगंज को एप्लीकेशन मार्क करते हुये जांच एवं कार्रवाई के आदेश दे दिये हैं।

# पैसे नहीं दिए तो रामा यूनिवर्सिटी ने फेल कर दिया, नर्सिंग छात्रा ने हॉस्टल में फांसी लगाई

बीपीएस न्यूज

कानपुर। फांसी लगाने वाली छात्रा की रविवार देर रात मौत हो गई।परिवार ने शव लेने से इनकार कर दिया। छात्रा के पिता का कहना है कि कॉलेज प्रबंधन की वजह से उनकी बेटी की मौत हुई है। जब तक यूनिवर्सिटी के चेयरमैन और डायरेक्टर के खिलाफ मुकदमा नहीं होगा।शव नहीं लेंगे।

मामा आलोक सचान ने रामा यूनिवर्सिटी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, प्रशासन अवैध वसूली करता है। जो पैसे नहीं देता है उसे फेल कर देते हैं। इसके बाद पैसे लेकर पास कर दिया जाता है। मामला मंधना स्थित रामा यूनिवर्सिटी का है। पिता का कहना है कि एग्जाम से पहले 20 हजार रुपए घूस नहीं दे पाए, तो बेटी को फेल कर दिया। जबकि यूनिवर्सिटी के निदेशक ने कहा कि आरोप गलत है। छात्रा आधे नंबर से नहीं 9 नंबर से फेल हुई थी।

बर्रा दामोदर नगर के रहने वाले जयकरन सचान प्राइवेट नौकरी करते हैं।उनकी पत्नी रश्मि सचान टीचर है। जयकरन ने बताया कि बेटी आरती सचान (21) रामा यूनिवर्सिटी से नर्सिंग के चौथे साल की पढ़ाई कर रही है।20 फरवरी को उसका सेमेस्टर रिजल्ट आया था।इसमें उसे आधे नंबर से फेल कर दिया गया। इस वजह से आरती तनाव में थी। मां से भी फोन पर बात करते हुए रिजल्ट को लेकर रोई थी। रूम मेट महिमा ने बताया कि शनिवार को दोनों लोग क्लास में थे, अचानक आरती सुबह करीब 11:58 बजे बहुत नर्वस हो गई। बोली कि मेरा क्लास में मन नहीं लग रहा है।इसके बाद अपने रूम में चली गई।मुझे कुछ शक हुआ। 20 मिनट बाद मैं क्लास से निकली और सीधे हॉस्टल पहुंची।

आरती को कई कॉल की, दरवाजा भी खटखटाया मगर कोई रिस्पांस नहीं मिला। खिड़की से झांक कर देखा तो कमरे में आरती फंदे से लटक रही थी।

स्टाफ के लोग और स्टूडेंट्स ने दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से उतारा और यूनिवर्सिटी कैंपस के ही अस्पताल में एडमिट कराया।

# पुलिस उपायुक्त सेंट्रल ने आओ साइकिल चलाएं रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना



कानपुर। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी द्वारा गेल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से एचबीटीयू यूनिवर्सिटी ग्राउंड में आयोजित 'आओ साइकिल चलाएं' रैली को झंडा दिखाकर शुभारंभ किया गया।इस आयोजन का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देना है। इस पहल के माध्यम से लोगों को नियमित व्यायाम और साइकिलिंग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# एडीजी जोन ने कानून व्यवस्था के संबंध में की समीक्षा गोष्ठी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद जालौन भ्रमण दौरान रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी के साथ आगामी त्योहार व कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी। गोष्ठी के दौरान निर्देशित किया गया कि लम्बित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व आगामी त्योहारों में भीड़ नियंत्रण, रुट डायवर्जन यातयात प्रबंधन आदि का पूर्व से प्लान तैयार करे तथा अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखें। गोष्ठी में श्री केशव कुमार चौधरी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी व डॉ0 दुर्गेश कुमार, पुलिस अधीक्षक, जनपद जालौन उपस्थित रहे।

# मर चुके नवजात का इलाज करते रहे, बिल बढ़ाता रहा

**• कल्याणपुर के नर्सिंग होम में जमकर हुआ बवाल**
**• फतेहगढ़ के दंपति के साथ बेबी केयर हॉस्पिटल में हुआ मामला**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बिल बढ़ाने की खातिर, मरे हुए नवजात को भर्ती रखकर दो दिन तक इलाज करते रहने का आरोप लगाकर, परिजनों ने कल्याणपुर के एक नर्सिंग होम पर जमकर बवाल काटा। मामला इलाके के कैलाश विहार स्थित बेबी केयर हॉस्पिटल का है। ये नव निर्मित अस्पताल कल्याणपुर के प्रसिद्ध नेपाली मंदिर के बगल में है। सुबह 11 बजे से ही अस्पताल गेट पर बवाल शुरू हो गया। डायल 112 पर सूचना दिए जाने के बाद, कल्याणपुर थाने और पनकी रोड चौकी से पुलिस फोर्स थाने पहुंच गई। अस्पताल के बाहर एक महिला बिलख-बिलख कर रोती दिखी। वो कह रही थी कि मेरे बच्चे को अस्पताल वालों ने मार डाला, इलाज करते रहे बताया भी नहीं। जब शक होने पर अपना डॉक्टर अन्दर भेजा तब मौत का पता चला। महिला और उसके पति को परिजनों संग अस्पताल के बाहर रोता चिल्लाता देख भीड़ जमा हो गई। फिर सड़क पर ट्रैफिक भी जाम हो गया। आक्रामक होते पीड़ित दंपति और परिजनों को पुलिस समझाकर रोकती रही। फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ निवासी पीड़ित आशा देवी और उनके पति अनूप कुमार के अनुसार चार माह पूर्व कैलाश विहार के इसी बेबी केयर अस्पताल में उनका बच्चा हुआ। यहां के डॉक्टरों ने बच्चे को शुरू से कुछ समस्याएं बताएं थीं। जन्म के बाद भी बच्चे को जबरन मशीन में रखा था। चार दिन पूर्व समस्या होने पर लाए तो बच्चे को भर्ती करके एनआईसीयू में रख दिया। लम्बा चौंदा बिल बनाते रहे। कल्याणपुर पुलिस के अनुसार सीएमओ कार्यालय को सूचित कर दिया गया है। मेडिकल अमला जांच के बाद जैसे आख्या देगा उस आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अस्पताल के ओर से किसी ने बयान नहीं दिया है।

# पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का समापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा पांच दिवसीय फसल अवशेष प्रबंधन योजना कृषक प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र देकर कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन केंद्र के प्रभारी अधिकारी डा. अजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को फसल अवशेष प्रबंधन संबंधित कृषि यंत्र एवं उत्तर प्रदेश तथा भारत सरकार द्वारा जो भी सुविधा दी जा रही है एवं कितने परसेंट की छूट है कैसे उसको ले सकते हैं, इसके बारे में विस्तृत रूप से पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि फसलों के अवशेषों को जलाने से होने वाले दुष्परिणाम का मानव स्वास्थ्य मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ रहा है एवं कैसे बचा जा सके के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों ने बताया कि फसल के अवशेषों का प्रयोग अपने आर्थिक समृद्धि के लिए कर सकते हैं। जैसे उसे विभिन्न तरह के उत्पाद बनाएं जा सकते हैं एवं फसल के अवशेषों पर मशरूम की गुणवत्ता युक्त खेती की जा सकती है। फसल के अवशेषों को खेतों में अति शीघ्र डीकंपोज करने हेतु बायोडिकंपोजर का प्रयोग और बायोडिकंपोजर को कैसे तैयार किया जा सकता है के बारे में बताया गया। उप कृषि निदेशक राम वचन राम, जिला कृषि अधिकारी डा उमेश कुमार गुप्ता, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा. अरुण कुमार सिंह, डा. राजेश राय, डा.शशिकांत, डा. निमिषा अवस्थी आदि ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर किसानों को प्रशिक्षण दिया। गौरव शुक्ला तथा शुभम यादव का विशेष योगदान रहा।

# सघन चेकिंग के बीच परीक्षाएं शुरू, नकल सामग्री पर बुक होगी कॉपी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटर की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गई है। परीक्षा को संपन्न कराने के लिए पूरे शहर में 123 केंद्र बनाए गए है। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर छात्र-छात्राओं का पहुंचना शुरू हो गया था। परीक्षा केंद्र के अंदर जाने वाले परीक्षार्थियों की सघन तलाशी लेने के बाद उन्हें अंदर जाने दिया गया। पहली पाली में हाई स्कूल की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से संपन्न हो गई हैं। पहले दिन हाई स्कूल में 1874 बच्चों ने परीक्षा छोड़ी हैं।

10वीं क्लास में हिंदी का पेपर था। परीक्षा केंद्र के बाहर उनकी तलाशी ली गई। इसके बाद अंदर प्रवेश दिया गया। वहीं क्लास के अंदर भी परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई।इंटर का दूसरी पाली में भी हिंदी का पेपर शुरू हुआ। इंटर में कुल 46843 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। बोर्ड की तरफ से साफ आदेश है कि परीक्षा में परीक्षार्थी बॉल पेन का ही प्रयोग करें। इसके अलावा किसी भी प्रकार की कोई नकल सामग्री नहीं ले जाएंगे। पकड़े जाने पर उनकी कॉपी बुक कर दी जाएगी। इसके अलाव डिजिटल घड़ी, मोबाइल, कैलकुलेटर आदि सामग्री भी नहीं ले जा सकेंगे।

बोर्ड की तरफ से साफ आदेश है कि परीक्षा में बॉल पेन का ही प्रयोग करें। इसके अलावा किसी भी प्रकार की कोई नकल सामग्री नहीं ले जाएंगे। पकड़े जाने पर उनकी कॉपी बुक कर दी जाएगी। इसके अलाव डिजिटल घड़ी, मोबाइल, कैलकुलेटर आदि सामग्री भी नहीं ले जा सकेंगे।

# मदरसा वारसिया रिज़विया फरीद उलूम शारदा नगर की वार्षिक बैठक खैरुल वरा जश्न दस्तारबंदी



कानपुर मदरसा वारसिया रिज़विया फरीद उलूम शारदा नगर का सालाना जलसा खैरुल वरा जश्न दस्तारबंदी कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ

ईशा की नमाज के बाद कुरान की तिलावत हुई, जिसकी अध्यक्षता काजी शहर अल्लामा मौलाना मुश्ताक अहमद मशाहिदी ने की। नात पाक के बाद लखनऊ से आए हजरत मौलाना हाफिज वकारी सैयद अनवर कादरी ने अपनी तकरीर में इल्म की फजीलत और अहमियत पर रोशनी डाली, फिर मौलाना गुलाम कादिर शाहिदी ने नात पाक का नजराना पेश किया, फिर नात के खास वक्ता हजरत अल्लामा मुफ्ती मुहम्मद अहमद वारसी साहब सुल्तानपुरी ने अपनी तकरीर में कहा कि आज पूरी दुनिया में मुसलमान बहुत ही नाजुक दौर से गुजर रहा है जो काम अल्लाह ने अपने पैगम्बरों और पैगम्बरों से लिया, वह काम इमामों और पैगम्बरों की उम्मत को दे दिया गया और यह काम कयामत के दिन तक करना हमारी जिम्मेदारी है। यदि धर्म के स्रोत का संदेश आम है तो यह लोगों की जिम्मेदारी है कि वे इस्लामी मदरसों, विद्वानों और संरक्षकों का सम्मान करें।

इस मौके पर सुन्नी उलेमा काउंसिल के महासचिव हाजी मुहम्मद सलीस और मुमताज अहमद खान ने आए हुए मेहमानों का शुक्रिया अदा किया और बच्चों को दस्तारबंदी की गई।इस मौके पर मुहम्मद बख्तियार सैयद मुहम्मद अतहर कादरी नफीस अहमद नूरी हाफिज अबरार हाफिज मुबीन हाफिज मोनिस रजा मौलाना फुरकान मौलाना शमशीर अली सैयद अयाज अली एडवोकेट सैयद शाहशाह मौजूद रहे।

# बीपीएमएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आयुध निर्माणी में भव्य स्वागत

बीपीएस न्यूज

कानपुर। एडवांस वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड की इकाई आयुध निर्माणी, फील्ड गन फैक्ट्री एवं स्मॉल आर्म्स फैक्ट्री की इकाइयों में ओवरटाइम के एरिया का भुगतान न किए जाने एवं मजदूरों की अन्य ज्वलंत समस्याओं को लेकर भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मारुति पवार ने एडब्ल्ईआईएल के सीएमडी एके मौर्या से भेंट करने के उपरांत कर्मचारियों को यह आश्वासन दिया कि आपका ओटी एरिया का भुगतान अति शीघ्र कराया जाएगा। इससे पहले आयुध निर्माणी मैं कर्मचारियों ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान मुख्य रूप से मुकेश सिंह, दीपक उपाध्याय, वेदव्यास मणि त्रिपाठी, योगेंद्र सिंह चौहान, सुरेश यादव, जगतारण सिंह, अजय पाल सिंह, शिवेंद्र शर्मा, अमरेंद्र मोहन, कमल किशोर गौड़, सुधारानी, आफताब अहमद, भूपेंद्र पांडे, विजय सिंह, चंद्रशेखर, आदि के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महाकुंभ में सांसद ने श्रद्धालुओं के लिए कुम्भ में किया विशेष प्रबंध

कानपुर। महाकुंभ 2025 का भव्य आगाज़ जैसे हुआ उसी तरह से बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम शाही स्नान के बाद महाकुंभ 2025 कुम्भ का महापर्व समाप्त हो जाएगा। महाकुंभ के 45 दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के दौरान कानपुर लोकसभा के सांसद रमेश अवस्थी चर्चा का विषय बने हुए हैं। वजह है कि महाकुंभ 2025 के महा मेले में भाजपा सांसद ने अपनी लोकसभा की जनता के साथ साथ देशभर के कई वरिष्ठ व जनप्रिय समाजसेवियों के लिए महाकुंभ में कैम्प स्थापित कर के लोगों के स्नान, ध्यान, भोजन व उनके ठहरने के लिए समुचित व्यवस्था करवाई। अवस्थी ने कहा महाकुंभ में लोकसभा की जनप्रिय जनता के कुम्भ स्नान को लेकर आकर्षक व सनातन संस्कृति के प्रति रुझान को लेकर इस कैम्प को लगाने का ख्याल आया। लगभग लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सांसद रमेश अवस्थी के द्वारा लगाए गए इस कैम्प में भण्डारा भी ग्रहण किया।

# किसानों ने देखा पीएम किसान सम्मान निधि का सजीव प्रसारण



बीपीएस न्यूज

कानपुर।कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग कानपुर देहात के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर पर किसानों ने 19वीं पीएम किसान सम्मन निधि जारी होने का सजीव प्रसारण देखा।इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि राम बचन राम ने किसानों को किसान सम्मान निधि में आ रही विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु विस्तार से जानकारी दी।जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर उमेश कुमार गुप्ता ने जायद में विभिन्न फसलों जैसे उर्द /मूंग आदि के बीजों की उपलब्धता के बारे में बताया। केंद्र के प्रभारी डॉ अजय कुमार सिंह द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों को विभिन्न प्रकार की कृषि तकनीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर कृषि क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर शशिकांत सहित कृषि विभाग कानपुर देहात के कर्मचारियों/अधिकारियों सहित 135 से अधिक महिला एवं प्रगति शील कृषकों ने प्रतिभाग किया।

# टैक्स बार एसोसिएशन ने की नियम - 86 पर गोष्ठी




बीपीएस न्यूज

कानपुर। टैक्स बार एसोसिएशन, लखनपुर स्थित संघ कक्ष में संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश प्रकाश की अध्यक्षता में नियम-86 पर टैक्स गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता हरीओम पोरवाल, एडवोकेट द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा 26 दिसंबर 2019 से कपटपूर्वक एवं गलत तरीके से आई0टी0सी0 क्लेम को रोकने के लिये नियम-86। के प्राविधान लाये गये है और अपने अधीनस्थ अधिकारियों को कपटपूर्वक या गलत ढंग से क्लेम की गयी आई0टी0सी0 क्लेम को क्रेडिट लेजर में ब्लाक एवं अनब्लाक करने की शक्ति नियमावली द्वारा प्रदान की गयी है उच्च न्यायालयों द्वारा प्रापर अधिकारी को नैसर्गिक न्याय के मूल भूत सिद्धान्तो का अनुपालन करने एवं नेगेटिव आई0टी0सी0 को ब्लाक न करने के आदेष/निर्देष दिये गये है। उच्च न्यायालय के आदेषो के उपरान्त शासन द्वारा भी परिपन के माध्यम से नियम-86।की प्रक्रिया के अनुपालन के निर्देष अधीनस्थ अधिकारियो को जारी किये गये है।नियम-86 के सम्बध में सरकार द्वारा रू-50 लाख तक की करयोग्य सप्लाई पर जी0एस0टी0कर की धनराषि का 99 प्रतिषत भाग क्रेडिट लेजर से एवं 01 प्रतिषत भाग कैश लेजर से भुगतान करने का नियम नियमावली में 01जनवरी 2021 से प्रभावी किया गया है।01 प्रतिषत की दर से कर के भुगतान की गणना प्रत्येक माह के अनुसार की जायेगी। रू 50 लाख की सप्लाई में करमुक्त एवं एक्सपोर्ट सप्लाई की धनराषि कों गणना से निकाल दिया जायेगा । नियम-86 के अन्तर्गत सरकार द्वारा विगत दो वर्षों से रू 1,0 लाख आयकरदाता, रू एक लाख से अधिक एक्सपोर्ट या इनवर्टेड डयूटी रिफण्ड प्राप्त करने वाले व्यापारियों, कैश लेजर से 01 प्रतिषत से अधिक धनराषि जमा करने वाले व्यापारियो एवं लोकल अर्थारिटी गर्वमेन्ट डिपार्टमेन्ट,स्टेट्टयटर एवं पब्लिक सेक्टर अन्डरटेकिग को छूट प्रदान की गयी है।नियम-86ठ का अनुपालन न करने पर कम से कम रु 10,000 एवं अधिक से अधिक कर की धनराषि के बराबर अर्थदण्ड आरोपित करने का अधिकार अधिनियम की धारा-122 के अन्तर्गत प्रापर अधिकारी को प्रदान किया गया है।गोष्ठी का संचालन महामंत्री अमित शुक्ला, एडवोकेट द्वारा किया गया, एवं आभार उपाध्यक्ष श्याम धवन एडवोकेट द्वारा किया गया।मीटिंग में मुख्य रूप से वी के निगम, संजय गुप्ता, के एल दीक्षित,हरिओम प्रजापति, विनोद द्विवेदी, मो गुफरान, मोहम्मद इकलाख, अशोक सक्सेना, चंद्रमणि, संग्राम सिंह, आदि बड़ी संख्या में सम्मानित अधिवक्ता उपस्थित थे।

# मण्डलायुक्त ने मण्डल स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मण्डलायुक्त के0 विजयेन्द्र पांडियन की अध्यक्षता में मंडलायुक्त शिविर कार्यालय, छह बंगलिया, आर्य नगर के सभागार में मण्डल स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना 19 दिसंबर 2019 के तहत जनपद के सांसद की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा पर जिला स्तरीय संसद सदस्य समिति की बैठक नियमित अन्तराल में आहूत करायी जाये ।

जनपद फर्रुखाबाद एवं कन्नौज में मृतकों की संख्या में वृद्धि एवं जनपद कन्नौज में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि पर आयुक्त द्वारा निर्देश दिये गये कि पुलिस विभाग दुर्घटनाओं का विवरण निकाल कर यह सुनिश्चित करें कि अधिकतर दुर्घटनाएं किस-किस वाहन एवं किन-किन स्थानों पर व किन कारणों से हो रही है! मंडलायुक्त द्वारा ब्लैक स्पॉट के विषय में एन.एच.-34 पर अधिक हो रही दुर्घटनाएं पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त मार्ग पर विभिन्न प्रकार के वाहनों एवं ओवरलोड वाहनों की संख्या अधिक है जिसके कारण दुर्घटनाएं अधिक होती है। उक्त मार्ग पर रम्बल स्ट्रीप, मार्किंग अलाईमेन्ट प्रस्तावित है। आयुक्त महोदय द्वारा उक्त मार्ग पर दुर्घटनाओं के कम करने हेतु एन.एच.ए.आई., पी.डब्लू.डी, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मार्ग सर्वे कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही जनपद कानपुर नगर के गंगा बैराज मार्ग पर अटल घाट के पास डिवाइडर बनाने हेतु निर्देशित किया गया।उन्होंने निर्देश दिए, आई.आई.टी कानपुर से रामादेवी तक एन.एच.91 पर लगने वाले जाम एवं हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एन.एच.91 का चौड़ीकरण तथा रामादेवी से चकेरी एयरपोर्ट जाने हेतु नई चुंगी से जाजमऊ के मार्ग का चौड़ीकरण किया जाए।निर्देश दिए, एक्सप्रेस-वे एवं एन.एच.ए.आई. पर पाइप लाइन से सिंचाई किया जाये।

साथ ही एन.एच.ए.आई. दुर्घटनाओं को रोकने हेतु उचित स्थानों पर क्रैश बैरियर लगाये जाये।जिससे दुर्घटनाओं को कम किया जा सकें।उन्होंने निर्देश दिए, हिट एवं रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों को दिये जाने वाले प्रतिकर के संबंध में परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा अभियान चलाकर कानपुर संभाग के समस्त जनपदों में लम्बित प्रकरणों को तत्काल निस्तारित किया जाए।

उक्त बैठक में पुलिस उपायुक्त, यातायात रविन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगर) राजेश कुमार, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), विदिशा सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, राकेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# लूटे माल सहित दो शातिर गिरफ्तार

कानपुर। जाजमऊ नई चुंगी निवासी अखलास अहमद जाजमऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को वह स्कूटी से पत्नी नौशीन अख्तर और भतीजी के साथ बुआ शबाना परवीन के घर प्योंदी गांव गए थे। देर रात वह घर लौट रहे थे, तभी वाजिदपुर के पास पीछे से आए बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर पत्नी का पर्स लूट लिया था। इस दौरान नौशीन स्कूटी से गिरकर घायल हो गई थीं। वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे फरार हो गए थे। पर्स में पांच हजार रुपये, मोबाइल व जरूरी कागजात थे। पुलिस रिपोर्ट दर्जकर लुटेरों की तलाश में जुटी थी। एडीसीपी पूर्वी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने प्योंदी पुलिया के पास से सोमवार दोपहर दोनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लुटेरों में कन्नौज के छिबरामऊ नगला दसारी निवासी सूरज कुमार और बलरामपुर के बलरामपुरा बेल्वा सुल्तानजोत निवासी मोहम्मद निहाल खान शामिल है।

# मासूम बच्ची को बुलाकर की घिनौनी हरकत, धरा गया

कानपुर। काकादेव थाना क्षेत्र पड़ोस में रहने वाले मुंह बोले बाबा ने सात साल की मासूम के साथ की घिनौनी हरकत कानपुर कमिश्नरेट के सेंट्रल जोन के काकादेव थाना क्षेत्र में सात साल की मासूम बच्ची के साथ पड़ोस में रहने वाले 65 वर्ष के वृद्ध ने की घिनौनी हरकत! सात साल की बच्ची अपने पिता के साथ रहती थी कुछ समय पहले ही उसकी मां उसको छोड़कर चली गई थी तब से मासूम अपने पिता के साथ रहती थी पिता के काम पर जाने के बाद मुंह बोले बाबा ने मासूम को बुलाकर की घिनौनी हरकत पिता के काम से वापस आने पर मासूम ने अपने साथ हुए कृत की जानकारी गले से लपेटकर रोकर बताई आपबीती! बेटी की दास्तां सुनकर बेटी के साथ काकादेव थाना पहुंच कर बताया पूरा वाक्या पुलिस द्वारा उक्त युवक की जानकारी की तो पता चला कि प्रेम सिंह नाम का वृद्ध जिसकी उम्र 65 जो पिथौरागढ़ बासबगड गांव उत्तराखंड का रहने वाला बताया गया कुछ समय पहले काम की तलाश से आया था फिर यहीं बस गया। पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण की जांच पड़ताल कर मासूम बच्ची का मेडिकल करवाकर पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर भेजा सलाखों के पीछे!

# हाई-वे किनारे अवैध खड़े भारी वाहनों पर प्रवर्तन ने की कार्यवाही

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुख्यमंत्री द्वारा विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान सड़क पर खड़े वाहनों के कारण एक्सीडेंट्स और मृत्यु पर दुख व्यक्त करते हुए तत्काल अभियान चलाकर मुख्य मार्गों पर अनधिकृत रूप से बड़े वाहनों को हटाने के निर्देश दिये गये है। जिसके कम में अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन), के दिशा निर्देशन पर हाई-वे मार्गों पर पार्किंग स्थल का प्रयोग न करते हुए अवैध रूप से ट्रक, डंपर सहित अन्य दूमरे भारी वाहन मार्ग में ही खड़े कर दिये जाते हैं, जिसमे हाई-वे पर ट्रकों व दूसरे भारी वाहनों के अवैध पार्किंग के कारण दुर्घटनायें हो जाती है।

सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण में के लिए आरटीआ प्रवर्तन अधिकारी विदिशा सिंह के नेतृत्व में अजबुज, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कहकशां खातून, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आर.के. वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), पीटीओ मानवेन्द्र प्रताप सिंह, यात्रीकर अधिकारी, अनिल कुमार, एवं दीपक सिंह द्वारा निरन्तर प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान जिले में पडने वाले राष्ट्रीय राजमार्गो एवं अन्य मानों पर पार्किंग स्थल के अतिरिक्त वड़े वाहनों के विरुद्ध नो पार्किंग के अभियोग में कुल 145 वाहनों के विरुद्ध चालान व बन्द की कार्यवाही की गई ।

# किसानों को मिली सम्मान निधि, चेहरे खिले

बीपीएस न्यूज

कानपुर।सीएसए के अधीन संचालित हजरतपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र, में किसान सम्मान समाहरोह का सजीव आयोजन किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने प्रधानमंत्री के भाषण को सुना।इस अवसर पर उप कृषि निदेषक सत्येन्द्र प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि जिले के 248089 किसानों की सूची 19 वीं किस्त के लिये भेजी गयी है इससे पहले 231936 किसानों को 18वीं किस्त प्राप्त हुयी थी। जिला कृषि अधिकारी, सुमित कुमार चौहान ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान दी। कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी डॉ. ओमकार सिंह यादव डेयरी फॉर्म और शुद्ध दुग्ध उत्पादन के बारे में जानकारी दी। वहीं डॉ.सुभाष चन्द्र शर्मा ने विभिन्न कृषि तकनीकों एवं जायद की खेती विषेष रूप से उर्द, मूँग एवं मक्का के बारे में जानकारी प्रदान दी।इसके अलावा डॉ. नौशाद आलम ने मृदा परीक्षण और जैविक सब्जियों के उत्पादन के बारे में किसानों को बताया और कार्यक्रम में स्टॉल लगाने आये सभी किसानों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। डॉक्टर तेज प्रकाश ने किसानों को बकरी पालन के बारे में जानकारी दी।इस मौके पर कृषि प्रदर्शनी एवं ड्रोन प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया।

# डिजिटल मार्केटिंग पर विवि मे पाँच दिवसीय कार्यशाला

## - महिलाएं और लड़कियां डिजिटल प्लेटफार्मों का प्रयोग कर छोटे व्यवसायों को प्रमोट कर सकती



बीपीएस न्यूज

कानपुर।छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग में मंगलवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में एमडीपी (मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम) के तहत छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग विषय पर पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इसका उद्देश्य लड़कियों को डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में नई दिशा देने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता एफएफडीसी कन्नौज के निदेशक डॉ भगवती प्रसाद शुक्ला ने डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कैसे महिलाएं और लड़कियां डिजिटल प्लेटफार्मों का उपयोग करके अपने छोटे व्यवसायों को प्रमोट कर सकती हैं।

उन्होंने इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और छात्राओं को इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए प्रेरित किया।विवि के नवाचार अधिकारी डॉ. अनिल त्रिपाठी ने डिजिटल मार्केटिंग के भविष्य और इसमें छिपे अवसरों पर बात करते हुए कहा, डिजिटल मार्केटिंग अब केवल व्यापार और विज्ञापन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग के लिए एक सशक्त माध्यम बन चुका है। संयोजक डॉ. दिवाकर अवस्थी ने इस पाँच दिवसीय डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में बताया कि एफिलिएट मार्केटिंग,

सोशल मीडिया, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), ईमेल मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग, ब्लॉगिंग, यूट्यूब और फेसबुक-इंस्टा थंबनेल क्रियेटर, ई-कॉमर्स वेबसाइट डेवलपर की फील्ड में कैसे काम कर सकते हो, इसकी ट्रेनिंग दी जायेगी। विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि यह कार्यशाला छात्राओं को डिजिटल दुनिया में कदम रखने और अपने करियर को नई दिशा देने का शानदार अवसर प्रदान करेगी। कार्यशाला में डॉ. जितेंद्र डबराल, डॉ. ओमशंकर गुप्ता, डॉ. विशाल शर्मा, डॉ. रश्मि गौतम, प्रेमकिशोर शुक्ला, सागर कनौजिया, और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

# टूरिस्ट से भरी बस पलटी, कानपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर भौंती के सामने हुआ हादसा, 15 से ज्यादा यात्री हुए घायल



बीपीएस न्यूज

कानपुर।एनएच-2 हाइवे पर मंगलवार सुबह भौती के सामने टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 15 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। बस पलटती ही यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई।

राहगीरों और पुलिस ने बस में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला।इसके बाद घायलों को पास के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया। भौती बाईपास पर तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होने के बाद पलट गई। बस में सवार 15 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। यात्रियों की चीख-पुकार सुन हाईवे के आसपास दुकानदार समेत अन्य लोग दौड़े और यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना पर पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। इसके बाद घायलों को प्राथमिक उपचार कराया।इस दौरान हाईवे पर भीषण जाम लग गया। क्रेन की मदद से बस को हटवाया गया। डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर से दिल्ली हाईवे पर टूरिस्ट से भरी एक बस कानपुर से भौती की तरफ जा रही थी।

# चन्द्र शेखर आजाद की प्रतिमा को किया दुग्धाभिषेक

कानपुर। पर्यावरण विकास संस्थान के तत्वाधान में गोल चौराहा पर स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल पर पुण्य तिथि श्रद्धा भाव से मनाई गई।इस अवसर पर आजाद जी की प्रतिमा को गंगाजल व दुग्ध से अभिषेक करने के बाद माल्यार्पण किया गया तथा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया।सभा को संबोधित करते हुए संयोजक राकेंद्र मोहन तिवारी ने कहा कि आजाद जी अपने विद्यार्थी जीवन से ही देश को आजाद कराने का संकल्प ले लिया था। सन 1921 में जब ब्रिटेन के युवराज भारत यात्रा पर आए उनके आगमन का पूरे भारत में विरोध हुआ इस विरोध स्वरूप बनारस में कई साहसी युवकों को लेकर भारत माता की जयकार करते हुए सड़कों पर निकल पड़े। पुलिस से झड़प हुई, गिरफ्तारी, अदालत में पेशी व सजा भुगतने के बाद जब आजाद जी बाहर आए तो पूरे बनारस में आजाद जी को कंधों पर बैठाकर जुलूस निकाला गया। आजाद जी की ख्याति इतनी चारों तरफ फैल गई थी जिसे देखते हुए इन्हें हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का सदस्य बनाया गया बाद में आजाद जी ने इस संस्था का नाम हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक संगठन रखा जिसके वह आजीवन सेना नायक रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भूपेश अवस्थी ने कहा कि आज के युवाओं को आजाद जी से प्रेरणा लेकर शोषण रहित समाज की स्थापना में अपना अमूल योगदान प्रदान करने के लिए कटिबंध हों। श्री अवस्थी ने चंद्रशेखर आजाद जी को भारत रत्न देने की मांग की।

# शिवालय जगमगायें, रात 12 बजे उमड़ा आस्था का सैलाब

बीपीएस न्यूज

कानपुर। शहर के प्राचीन मंदिरों में शुमार आनंदेश्वर मंदिर, बाबा सिद्धनाथ घाट, वनखंडेश्वर, जागेश्वर, कोतवालेश्वर समेत सभी छोटे-बड़े शिवालय सज चुके है।आज रात 12 बजे से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी, जो कल पूरे दिन रहेगी। फाल्गुन माह के कष्ण पक्ष की चतुर्दशी बुधवार यानी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से शहर भर में मनाया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए शिवालयों में बैरीकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों, सिविल डिफेंस के वालंटियर्स व पुलिस-पीएसी बलों की तैनाती की जाएगी। आनंदेश्वर मंदिर जाने वाले रूट पर ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन लागू किया है। मंदिर से तकरीबन 500 मीटर दूर से पैदल जाना होगा।

# वकीलों की हड़ताल जारी, ट्रेजरी व रजिस्ट्री कार्यालय का बंद कराया काम

## काला कानून वापस लो... के नारे लगा फूंकी प्रतियां, लगा जाम



बीपीएस न्यूज

कानपुर। एडवोकेट अमेंडमेंड बिल के विरोध में वकीलों की कचहरी में हड़ताल जारी है। बिल का विरोध करते करते हुए अधिवक्ताओं ने शताब्दी गेट पर सड़क पर बाइकें खड़ी कर रोड जाम कर दी और सड़क पर ही धरना देकर भाषणबाजी शुरू कर दी।

नारेबाजी करते हुए अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय में काम बंद कराया। इसके साथ ही ट्रेजरी कार्यालय का भी घेराव किया। करीब एक घंटे से सड़क जाम कर अधिवक्ता नारेबाजी कर रहे है। एडवोकेट अमेंडमेंड बिल के विरोध में बीते शुक्रवार से अधिवक्ता हड़ताल पर है। आज बिल के विरोध में बार व लॉयर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आज वकीलों ने शताब्दी गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। कल भी हम जीते थे... आज भी हम जीतेंगे... अधिवक्ता एकता जिंदाबाद... काला कानून वापस लो... के अधिवक्ताओं ने नारे लगाए। नारेबाजी के दौरान अधिवक्ताओं ने बिल की प्रतियां फूंकी। नारेबाजी करते हुए वकीलों ने शताब्दी गेट सड़क के बीचों-बीच बाइक खड़ी कर रोड जाम कर दी। इस दौरान राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चार पहिया वाहनों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदीवर बाजपेई व महामंत्री अमित सिंह ने कहा कि यह बिल अधिवक्ताओं के विरोध में है। कहा कि यह बिल संसद में नहीं रखा जाना चाहिए।

# निर्माण कार्यों में 1.50 करोड़ के गबन का आरोप, डीपीआरओ ने तीन सचिवों पर रिपोर्ट कराने का दिया आदेश

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर में वर्ष 2016-17 में ग्राम पंचायतों में कराए गए निर्माण कार्यों के अभिलेख एक वर्ष बाद भी तीन सचिव ऑडिट विभाग को नहीं दे पाए। इस पर डीपीआरओ मनोज कुमार ने तीन सचिवों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

इन तीनों सचिवों पर 1.50 करोड़ रुपये की सरकारी धनराशि का गबन करने का आरोप है। बिधनू ब्लॉक में तैनात रहे सचिव पुनीत मिश्रा पर सबसे ज्यादा करीब 1.38 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़ा का आरोप है।

ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के नाम पर बड़ा गोलमाल हुआ है। वर्ष 2023 में ऑडिट टीम ने वर्ष 2016-17 में कराए गए विकास कार्यों नाली, खड़ंजा, पंचायत भवन, खेल मैदान, कूड़ा निस्तारण केंद्र, गोशाला निर्माण के अभिलेख चेक किए तो करीब 11 से अधिक सचिवों के अभिलेख पूरे नहीं थे। इस पर पंचायती राज विभाग लगातार नोटिस जारी कर अभिलेख जमा करने के निर्देश दे रहा था

करीब नौ सचिवों ने एक साल में अपने-अपने सभी अभिलेख ऑडिट टीम को सौंप दिए। लेकिन, बिधनू और सरसौल ब्लॉक के तीन सचिव ने आधे से ज्यादा अभिलेख नहीं जमा किए। ये विकास कार्य सचिवों ने 15वें वित्त और पंचम वित्त की धनराशि से कराए थे। ये काम वर्क आर्डर के जरिए होने थे। इनका बिल वाउचर, मास्टर रोल, माप पुस्तिका, कैश बुक आदि कागजातों को दिखाना था, लेकिन इनके पास अभिलेख नहीं थे।डीपीआरओ ने बिधनू ब्लॉक में तैनात रहे

ग्राम विकास अधिकारी पुनीत मिश्रा पर 1.38 करोड़ रुपये का गबन करने का आरोप माना है।इनके पास 10 ग्राम पंचायतों का कार्य भार था। वहीं, इसी ब्लॉक में तैनात रहे राहुल अवस्थी पर 10.34 लाख रुपये का गबन करने का आरोप है। इन्होंने तीन ग्राम पंचायतों के अभिलेख नहीं दिखाए हैं। सरसौल ब्लॉक में तैनात रहे शाश्वत श्रीवास्तव पर एक ग्राम पंचायत में 5.89 लाख रुपये का गबन का आरोप है। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए संबंधित एडीओ पंचायतों को निर्देश दिए गए हैं।

# महाशिवरात्रि पर्व पर भक्तों ने किया दूग्धाभिषेक



बीपीएस न्यूज

कानपुर। महाशिवरात्रि पर्व श्री झूले लाल शिव मन्दिर में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: 4 बजे से ही श्री शिव भोले नाथ पर जल चढ़ाने व पूजा करने वालों का ताता लगा रहा। लगभग 1/2 किलोमीटर की लम्बी लाइन लग गई। प्रात: 9 बजे से प्रसिद्ध सिन्धी व्यंजन सिन्धी कढ़ी चावल का भंडारा प्रारम्भ हुआ। दूर से आए सभी भक्तों ने भंडारा का प्रसाद चखा। भंडारा सुबह से शुरू होकर शाम 4 बजे तक वितरित होता रहा। तथा प्रात: 10 से आईएमए के सहयोग से रक्त दान शिविर भी लगाया गया। 46 भक्तों ने रक्त दान किया। शाम को भजन संध्या के साथ अंकुर नटराज पार्टी द्वारा आकर्षक झाकियां प्रस्तुत की गईं। पुन: रात्रि का भंडारा प्रारम्भ हुआ। संस्था के अध्यक्ष श्याम लाल मूलचंदानी ने आए हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अजय कपूर व कोऑपरेटिव स्टेट के चेयरमैन विजय कपूर को अंग वस्त्र पहना कर सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्याम लाल मूलचंदानी (अध्यक्ष) डॉ सुरेश आहूजा, डॉ सुरेश मदान, डॉ अशोक पाहुजा, चन्दर भान मोहनानी, पूरन बजाज मनोज तलरेजा सुनील अलवानी दिनेश कटारिया गणेश बजाज सुरेश धमीजा बलराम कटारिया राजकुमार लालवानी बंटी सिधवानी राजकुमार मोटवानी, महेश मनचंदा, मुकेश कटारिया मोहन कटारिया, बिहारी लाल बजाज, दलीप मेघानी, संजय चुग, नरेश फुलवानी रमेश मुर्जानी बिलंद बजाज, मुरारी लाल चुग, मनीष वाधवानी, राजू बजाज आदि थे ।

## डीजे, ढोल नगाड़ा की धुन पर झूमकर थिरके बाबा शिव के बाराती

कानपुर। बिल्हौर उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा क्षेत्राधिकारी अमरनाथ बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज एवं अरोल थाना प्रभारी जनार्दन सिंह यादव विकास खंड अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा ने संभाली शिवबारात की कमान जगह जगह शिव बारात एवं भक्तों का किया गया स्वागतश्रकई हजारों की संख्या में मौजूद रहे शिवबारात में शिवभक्त बिल्हौर पुलिस के साथ साथ कड़ी निगरानी रही खूफिया एजेंसी की मौके पर मौजूद रहे खूफिया विभाग के अधिकारी लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय कर शिव बारात पहुंची 6 घंटे में समापन स्थल शिव तांडव राधा कृष्ण झांकी बजरंगबली आकर्षक झांकियां नाच शिव बारात में बने आकषर्क



डीजे ढोल नगाड़ा की धुन पर जमकर थिरके शिव बाराती बिल्हौर प्रतिवर्ष ओंकारेश्वर सेवा समिति के द्वारा शिव बारात का आयोजन किया जाता है !

## आयुक्त पुलिस द्वारा आनन्देश्वर एवं खेरेश्वर महादेव मन्दिर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस कमिश्नर ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आनन्देश्वर परमट एवं खेरेश्वर महादेव मन्दिर शिवराजपुर एवं गंगा घाटों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा मंदिर परिसर का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मंदिर प्रांगण, आने-जाने के मार्ग, सीसीटीवी निगरानी, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं अन्य सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया गया।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे।

इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी, पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध अमिता सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त स्वरुपनगर सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# 87 घंटे में पनकी पॉवर प्लांट में हुआ 580 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन, अधिकारियों में रहा उत्साह का माहौल

कानपुर। कानपुर नगर व आसपास के जिलों और राज्यों को अब इस बार गर्मी के मौसम में बिजली से संबंधित समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि पनकी पॉवर प्लांट में 660 मेगावाट बिजली उत्पादन का ट्रायल सफलता पूर्वक हो गया है। यह ट्रायल 72 घंटे से अधिक समय यानी 87 घंटे तक चला, जिस दौरान पॉवर प्लांट में 666 मेगावाट का औसत भार प्राप्त हुआ। 87 घंटे चले ट्रायल के दौरान प्लांट में 580 लाख यूनिट बिजली उत्पादन हुआ, जिसे देखकर मुख्य महाप्रबंधक गोविंद कुमार मिश्र, इंजीनियरों और कंपनी के अधिकारियों के बीच उत्साह का माहौल बन गया।



पनकी में छह हजार सात सौ करोड़ रुपये से पॉवर प्लांट का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। यहां पर 21 फरवरी को पहली बार 660 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए ट्रायल शुरू किया गया था, पहले दिन प्लांट में 660 मेगावाट विद्युत उत्पादन हुआ था, इसके बाद अधिकारियों ने इसके सफल संचालन के लिए 72 घंटे तक ट्रायल का निर्णय लिया। मुख्य महाप्रबंधक गोविंद कुमार मिश्र ने बताया कि इकाई की तकनीकी बारीकियों व न्यूनतम तेल खपत के दृष्टिगत इकाई को पूर्ण भार 660 मेगावाट पर 72 घंटे चलाने का निर्णय लिया गया था।

इकाई को अनवरत 87 घंटे संचालित कर 666 मेगावाट का औसत भार प्राप्त किया गया है। इस अवधि में 580 लाख यूनिट विद्युत का उत्पादन किया गया। कठिन परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति से ट्रायल के अंतिम चरण को सफलता पूर्वक पूरा करते हुए 25 फरवरी शाम सात बजकर 30 मिनट पर इकाई की सीओडी (कॉमर्शियल ऑपरेशन डेट) प्राप्त कर ली है। इकाई से वाणिज्यिक विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। बताया कि इस परियोजना का निर्माण भारत सरकार की महारत्न कंपनी भेल द्वारा किया जा रहा है। अगस्त 2024 में ऑयल सिंक्रोनाइजेशन के बाद कोयले से सिंक्रोनाइजेशन की प्रक्रिया भी अक्टूबर 2024 में पूरी कर ली गयी है। पूरी क्षमता से बिजली उत्पादन होने पर मुख्य महाप्रबंधक गोविंद कुमार मिश्र ने पनकी परियोजना व भेल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। वहीं, उन्होंने उत्पादन निगम के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल, प्रबंध निदेशक डॉ. रूपेश कुमार व सभी निदेशक, भेल के परियोजना निदेशक जेके सिंह व निर्माण प्रबंधक वीरेंद्र सिंह को सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

# 59वाँ स्थापना दिवस समारोह मनाया गया



बीपीएस न्यूज

कानपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का स्थापना दिवस समारोह खण्ड शिक्षा अधिकारी मोतीझील परिषद के अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह का संचालन मन्त्री इं.कोमल सिंह ने किया। समारोह में आठ मार्च को लखनऊ में होने वाले राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष एसपी तिवारी के आवाहन पर शहर से कई पदाधिकारी भागीदारी करेंगे। समारोह में पुरानी पेंशन बहाली, पदोन्नति, नई भर्तियों, कैशलेस चिकित्सा की सीमा पाँच लाख से बढ़ाकर बीस लाख किए जाने, तृतीय श्रेणी कर्मचारिओं का जिला से बाहर स्थानातंरण न किए जाने, फील्ड कर्मियों को मोटर साइकिल भत्ता दिए जाने। उत्पीड़न-शोषण बंद करने की माँग प्रमुखता से उठाई गई। समारोह में प्रमुख रूप से संरक्षक इं.ए एन द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह यादव, सम्प्रेक्षक मंजूरानी कुशवाहा, चेयरमैन संघर्ष समिति साहब सरताज, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अवस्थी, संयुक्त मंत्री मनोज झाँ, उपाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, महेन्द्र सिंह, श्रवण कुमार शुक्ला, डेनिश कृष्टि सिंह, परवेज आलम, मोहम्मद साजिद यूसुफ़, प्रमोद कुमार पांडेय, चंद्रा बोनाल, आर के दीक्षित, आनन्द पांडेय, अभिषेक सिंह, अनुज शुक्ला आदि सम्मिलित रहे।

## श्री आनंदेश्वर मंदिर का पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल ने किया निरीक्षण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी द्वारा अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध अमिता सिंह के साथ थाना ग्वालटोली क्षेत्रांतर्गत श्री आनंदेश्वर मंदिर, परमट में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर मन्दिर परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, मंदिर को जाने वाले मार्ग, मेले के आयोजन स्थल, पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि मन्दिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनी रहे। निरीक्षण के समय सहायक पुलिस आयुक्त स्वरुपनगर व कोतवाली सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## यूपी में हो बाल्मीकि समाज का उप मुख्यमंत्री : रविशंकर

बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश सरकार में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राज्य सलाहकार समिति उत्तर प्रदेश शासन के सदस्य रहे रविशंकर हवेलकर ने पत्रकारों को दिए गए बयान में कहा कि ऐसा नहीं कि भारतीय जनता पार्टी ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए कार्य नहीं किया बहुत सारे कार्य किए हैं मगर वाल्मीकि स्वच्छकार समाज की भागीदारी एवं उनके अधिकार तथा उनकी समस्याओं के समाधान के प्रयास तेजी से होने चाहिए थे । वह हुआ नहीं विधानसभा के अंदर अनुसूचित जाति वर्ग के कुल विधायकों की संख्या इस प्रकार से है जिसमें कुरील समाज से 29 विधायक पासी समाज से 28 खटीक समाज से 11 कोरी समाज से आठ धार्मिक समाज से एक धोबी समाज से चार और आदिवासी वर्ग से 6 विधायक हैं जबकि आबादी के अनुपात में बाल्मिक समाज का एकमात्र विधायक ही है और एकमात्र सांसद स्वच्छकार समाज की समस्याओं के संपूर्ण समाधान सहित सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की दरकार है। सफाई कर्मचारियों के सम्मानजनक वेतन एवं सीधी भर्ती सफाई कर्मचारी आयोग की सिफारिश से सामाजिक न्याय की सिफारिश है रिजर्वेशन में वर्गीकरण लागू किए जाने तथा आबादी के 94 जिले में गठित होने वाले भाजपा अध्यक्षों में से 25 वाल्मीकि समाज के होने चाहिए अनुपात में 23 विधानसभा टिकट वाल्मीकि समाज को दिए जाने के साथ ही कैबिनेटमंत्री, दर्जा राज्यमंत्री, विधायक, एमएलसी ,आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष आदि बनाए जाने की बात कही सरकार में इन जातियों की भागीदारी संतोष जनक नहीं हैद्व इन जातियों के उत्थान के कार्य बहुत ही धीमी गति से किया जा रहा है द्य उन्होंने असंतोष व्यक्ति किया तथा शीघ्र अति शीघ्र मगो के पूरा किए जाने का मुद्दा उठाया।

## बीएल मीना बने ओपीएफ के महाप्रबंधक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। ग्लाइडर्स इण्डिया लिमिटेड (जीआईएल) की इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी के महाप्रबंधक के रूप में बी.एल.मीना ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व वे जीआईएल में महाप्रबंधक (प्लानिंग) के रूप में अपनी सेवायें दे रहे थे।ओपीएफ के महाप्रबंधक का दायित्व संभालने पर निर्माणी में उनका भावपूर्ण स्वागत किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् महाप्रबंधक श्री मीना ने कहा कि ओपीएफ में समयबद्धता के साथ गुणवत्तायुक्त उत्कृष्ट उत्पादों का निर्माण करना सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। निर्माणी में अनुशासन एवं सुसंस्कृत कार्यप्रणाली का विकास एवं विस्तार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार के पैराशूटों के विनिर्माण एवं फ्लोट जैसे निर्माणी के विशिष्ट रक्षा उत्पादों को तैयार करने में निरन्तर नई तकनीक एवं नवोन्मेष का भाव (इनोवेटिव सोच) उत्पन्न किया जायेगा। आज के लगातार बदलते वैश्विक परिवेश के अनुरुप समुन्नत उत्पादन प्रणाली को अपनाये रखना बेहद जरूरी है, इसलिए इस दिशा में हम निरन्तर कार्य करते रहेंगे। निर्माणी के परिवेश को भी सुन्दर एवं बेहतर बनाने के लिए निरन्तर सार्थक कदम उठाये जाएंगे।गौरतलब है कि इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन में बी.ई. (आभियांत्रिक स्नातक) एवं एम.बी.ए. (आपरेशन्स) श्री मीना वर्ष 2005 बैच के ओईओएफएस अधिकारी हैं। एनएडीपी से प्रशिक्षण के पश्चात् मशीन टूल प्रोटोटाइप फैक्ट्री (एमटीएफ) अंबरनाथ, आर्डनेन्स फैक्ट्री मुरादनगर (ओएफएम), गृह मंत्रालय में निदेशक स्तरीय उच्च पदों तथा जीआईएल मुख्यालय में महाप्रबंधक (प्लानिंग) के पद को भी उन्होंने सुशोभित किया है।

# अतिक्रमण अभियान राजस्व वसूली एवं प्रतिबंधित पॉलिथीन की रोकथाम हेतु नगर निगम हुआ चौकन्ना



बीपीएस न्यूज

कानपुर। नगर निगम के नगर आयुक्त श्री सुधीर कुमार के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जोनल अधिकारी जोन 5 व उनकी टीम द्वारा निम्नांकित स्थलों पर आवश्यक कार्यवाही की गई कृत कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है :- नगर निगम जोन-5 की परिधि प्रमुख रूप से बर्रा गाँव से रविदासपुरम से होते हुये पनकी क्षेत्र से फजलगंज होते हुये भन्नानापुरवा से अनवरगंज तक अनाधिकृत रूप से किए गए अतिक्रमण का चिन्हाकन कराया गया है। इतने विस्तृत क्षेत्र में आम जनमानस के दैनिक जीवन को सुचारू रूप से सहज बनाने के लिये उच्चाधिकारियों के आदेशानुक्रम व आम जनता एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के अनुरोध पर प्रमुख मार्गों, बज़ारों व धार्मिक स्थलों के आस पास अवैध रूप से लगाये गये अतिक्रमण को जोन-5 के अतिक्रमण दस्ते द्वारा प्रवर्तन दल के सहयोग से चलाया गया है,

इस कड़ी में पराग डेरी से चावला मार्केट होते हुये गोविन्दपुरी पुल के ऊपर से फजलगंज व आगे तक फुटपाथ पर किये गये अतिक्रमण को हटाया गया है।

दादा नगर फ्लाईओवर के नीचे अवैध रूप से लगे तखत विक्रेताओं को औद्योगिक क्षेत्रों की समिति के अनुरोध पर विशेष कर थम्सअप चौराहे से एल0 एम0एल0 चौराहे होते हुये दबौली क्षेत्र तक आवश्यकतानुसार व प्राप्त शिकायतों के आधार पर अतिक्रमण हटाया गया है।

एल0एम0 एल0 चौराहे से पनकी नगर निगम सॉलिड वेस्ट मेनेजमेण्ट प्लॉट भौति तक रोड़ के बाई ओर अवैध ढाबों व अन्य दुकानों को हटा कर उस क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य हेतु भी उद्यान अधीक्षक, नगर निगम कानपुर से समन्वय स्थापित कर उच्चाधिकारियों के निर्देशो के क्रम में कार्य कराया गया। उक्त के अतिरिक्त राजस्व निरीक्षकों द्वारा निरन्तर क्षेत्र में व ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त शिकायतों के आधार पर स्व स्तर के अतिक्रमण को स्वत: संज्ञान लेते हुये हटाया गया है।

जोन-5 क्षेत्रान्तर्गत राजस्व वसूली के दृष्टिगत प्रत्येक वार्ड में गृहकर आपत्ति निस्तारण कैम्प आयोजित किया जा चुका है, इसके उपरान्त भी माननीय जनों व उच्चाधिकारियों एवं मा0 सदन के निर्देशों/आदेशों के क्रम में प्रत्येक वार्ड में निरन्तर अभियान चलाते हुये त्वरित आपत्ति निस्तारण किया जा रहा है। इसके साथ ही ऐसे भवन जिनमें गृहस्वामियों/अध्यासियों का गृहकर अधिक बकाया है, उनको चिन्हित कर कुर्की की कार्यवाही में शामिल किया गया है। जोन-5 में वर्तमान तक लगभग 1200 भवन की कुर्की की कार्यवाही की गयी है, जिसमें लगभग 3 करोड़ की धनराशि राजस्व हित में नगर निगम को प्राप्त हुयी है, उदहारणार्थ वार्ड 57 स्वराज नगर पनकी में एक भवन पर बकाया 3,45,830 में से 2,00,000 रुपया जमा कराया गया वार्ड-72 दबौली में 03 भवनों पर बकाया गृहकर में से कुर्की की कार्यवाही के उपरान्त 3,44,605 व 1,98,867 एवं 2,44,935 रुपया प्राप्त हुआ।जोन-5 के अन्तर्गत सफाई एवं स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान किया जाता है, जिसमें से प्रतिबन्धित पॉलिथीन पर रोक के दृष्टिगत सम्बन्धित द्वारा प्रतिबन्ध का कड़ायी से अनुपालन किये जाने हेतु निरन्तर पॉलिथीन जब्ती की कार्यवाही साथ ही चालान कर अर्थदण्ड भी लगाया जाता है, व उल्लंघन

करने वालो पर यथावश्यक अर्थदण्ड आरोपित करते हुये जमा कराया गया है।

## सड़क किनारे खड़े वृद्ध दंपति को कार ने मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

बीपीएस न्यूज

कानपुर। महाराजपुर थानाक्षेत्र में दवा लेने के बाद लौटकर सड़क किनारे खड़े वृद्ध दंपति को तेज रफ्तार कार सवार ने टक्कर मार दी। इससे हादसे में दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्रामीणों के शोर मचाने पर चालक कार छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में कांशीराम अस्पताल पहुंचाया।

जहां दोनों की हालत गंभीर देखते हुए हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान वृद्ध की सांसे थम गईं वहीं पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने हादसे के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार को कब्जे में ले लिया है।

महाराजपुर के रहनस गांव निवासी 65 वर्षीय चीखम खेती किसानी करते थे।

परिवार में पत्नी विमला देवी के साथ संजय, नीशू, मनीष के अलावा मोनू बेटे हैं। वहीं पांच बेटियां है।

बड़े बेटे संजय ने बताया कि रविवार देर शाम पिता अपनी दवा लेने के लिए मां विमला के साथ घर के पास स्थित निजी अस्पताल गए थे।

यहां से वह हाईवे पार कर आरके स्कूल के पास किनारे खड़े थे। इस दौरान कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने दोनों को सीधे टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की अफरातफरी में पकड़े जाने के डर से चालक भाग निकला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर दोनों को कांशीराम अस्पताल पहुंचाया। जहां हालत बिगड़ने पर दोनों को हैलट रेफर कर दिया गया।

यहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने चीखम को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि वृद्धा विमला के कमर और पैर की हड्डी टूट गई है, उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में महाराजपुर इंस्पेक्टर संजय पांडेय के अनुसार कार कब्जे में ली गई है, चालक का पता लगाया जा रहा है। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# महाकुंभ से लेकर, कहां नहीं हैं महिलाओं के दुश्मन ?



गुजरात पुलिस ने महिलाओं के निजी और न्यूड वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने और बेचने के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इस गिरफ्तारी के साथ अब तक इस मामले में कुल छह आरोपी पकड़े जा चुके हैं. यह मामला गुजरात के राजकोट स्थित पायल मैटरनिटी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान महिलाओं के निजी सीसीटीवी वीडियो लीक होने के बाद सामने आया था. इसके बाद अहमदाबाद पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने मामले की जांच शुरू की और पता चला कि यह पूरा रैकेट देशभर में फैला हुआ है.

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने नर्सिंग होम के सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों, जैसे कि मैरेज हाल, पार्लर, गंगा स्नान, महाकुंभ, और महिलाओं के स्नान के वीडियो भी बेचे थे. ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए जाते थे. अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने इस मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से एक आरोपी सूरत का और दो महाराष्ट्र के हैं. पहले तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब इस मामले में साइबर क्राइम टीम को बड़ी सफलता मिली है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से दो आरोपी सीसीटीवी हैक करने का काम कर रहे थे, जबकि एक आरोपी इन फुटेज को मार्केटिंग कर पैसे कमाने का काम करता था. पुलिस ने बताया कि ये आरोपी पिछले नौ महीने में लगभग 2500 सीसीटीवी हैक कर चुके हैं. इनमें से अधिकांश फुटेज अस्पतालों, बेडरूम, स्कूल, कॉलेज और निजी दफ्तरों से हैं, क्योंकि सोशल मीडिया पर विकृत मानसिकता वाले लोगों के बीच इनकी मांग ज्यादा थी. आरोपियों ने करीब दो साल पहले टेलीग्राम के माध्यम से हैकिंग तकनीक सीखी थी और इसके बाद से वे नियमित रूप से सीसीटीवी फुटेज हैक कर उन्हें वायरल करते थे.

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने सीसीटीवी फुटेज बेचकर अब तक सात से आठ लाख रुपये कमाए हैं. इन वीडियो को यूट्यूब और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया जाता था, जहां वे सदस्यता-आधारित चैनल चलाते थे.

जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ वीडियो बांग्लादेश स्थित इंस्टाग्राम आईडी पर भी वायरल हुए थे,

जिससे यह भी संकेत मिलता है कि यह रैकेट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी फैल चुका था. इस रैकेट में शामिल आरोपियों ने अस्पतालों, जिम, सार्वजनिक शौचालय और धार्मिक स्नान क्षेत्रों सहित अन्य निजी स्थानों के सीसीटीवी फुटेज को निशाना बनाया था.

ये लोग उन वीडियो को हैक कर वायरल करते थे

और फिर विकृत मानसिकता वाले लोगों को बेचने के लिए इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर देते थे. पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और आरोपियों से पूछताछ जारी है.

# मुर्गियों को मारने के आदेश, आखिर कर्नाटक में ऐसा क्या हुआ ?



कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर जिले में बर्ड फ्लू के प्रकोप को रोकने के लिए अजीबो- गरीब आदेश दिया गया है. जिसकी काफी ज्यादा चर्चा है. बता दें कि राज्य पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग ने शुक्रवार को चिक्कबल्लापुर के वरदाहल्ली गांव में एक पोल्ट्री फार्म में 350 मुर्गियों को मारने का आदेश दिया है. जानिए ऐसा आदेश क्यों दिया गया है.जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है क्योंकि वरदहल्ली में मुर्गियों में एच5एन1 वायरस पाया गया है. डिप्टी कमिश्नर पी.एन. रविंद्र की अगुवाई में जिला प्रशासन ने आपात बैठक की और गांव से मुर्गियों के बाहर जाने पर रोक लगा दी गई. गांव की सभी सड़कों पर बैरिकेड लगाए गए हैं और गाड़ियों की कड़ी निगरानी की जा रही है ताकि मुर्गियों को बाहर न ले जाया जा सके. शुरुआती जांच में पाया गया कि वरदाहल्ली के निवासी द्यामप्पा के घर पर 28 मुर्गियां मरी हुई मिली. गांव के अन्य घरों में भी लगातार मुर्गियों की मौत हो रही है.प्रशासन ने एक पोल्ट्री फार्म के तीन डेड चिकन के सैंपल जांच के लिए बेंगलुरू की सेंट्रल लैब भेजे. प्रयोगशाला परीक्षणों से सैंपल में एवियन इन्फ्लूएंजा की पुष्टि हुई. इसके बाद पोल्ट्री फार्म की सभी मुर्गियों को मारने का आदेश जारी कर दिया गया. अधिकारियों ने गांव में घर-घर जाकर सर्वे किया और पूरे इलाके में सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया. स्वास्थ्य विभाग भी ग्रामीणों की सेहत पर नजर रख रहा है.

इस बीच, खबर मिली है कि दो दिन पहले वरदाहल्ली के पोल्ट्री फार्म से लगभग 10,000 मुर्गियों को बेंगलुरू भेजा गया था, जहां इन्हें मीट की दुकानों और होटलों में बेचा गया हो सकता है. अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं और विक्रेताओं को सतर्क कर रहे हैं कि वे वरदाहल्ली से लाए गए मुर्गों की बिक्री न करें.

आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में एवियन इन्फ्लूएंजा फैलने के बाद कर्नाटक सरकार ने सीमा पर निगरानी बढ़ा दी है. कर्नाटक पहले दावा कर चुका था कि राज्य में बर्ड फ्लू का कोई मामला नहीं है और वे पूरी सतर्कता बरत रहे हैं. राज्य में हर महीने करीब चार करोड़ ब्रॉयलर चिकन का उत्पादन होता है और यहां 73 ब्रीडर व 20,000 पोल्ट्री किसान हैं. सीमा से सटे बेलगावी जिले में प्रशासन ने चिकन सैंपल की जांच शुरू कर दी है और महाराष्ट्र बॉर्डर पर चेकपोस्ट लगाए हैं. बर्ड फ्लू की खबरों के बाद पोल्ट्री किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है क्योंकि लोग चिकन और अंडे खाने से बच रहे हैं.

## संभल की जामा मस्जिद की नहीं होगी रंगाई-पुताई, सिर्फ साफ-सफाई की इजाजत, हाईकोर्ट का फैसला

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को संभल में जामा मस्जिद के परिसर को साफ करने का निर्देश दिया, लेकिन मस्जिद की सफेदी करने का आदेश पारित नहीं किया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने यह आदेश जामा मस्जिद प्रबंधन समिति के एक आवेदन पर पारित किया, जिसमें रमजान से पहले मस्जिद की सफेदी और सफाई की अनुमति मांगी गई थी।गुरुवार को अदालत ने एएसआई को मस्जिद स्थल का तुरंत निरीक्षण करने और तीन अधिकारियों की एक टीम नियुक्त करने का निर्देश दिया, जो शुक्रवार सुबह 10 बजे तक इस संबंध में एक रिपोर्ट पेश की।

एएसआई की रिपोर्ट के मुताबिक, मस्जिद के अंदरूनी हिस्से में सिरेमिक पेंट है और फिलहाल इसे सफेद करने की कोई जरूरत नहीं है।शुक्रवार को सुनवाई के दौरान मस्जिद समिति की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एस एफ ए नकवी ने कहा कि वे चाहते हैं कि केवल सफेदी और रोशनी का काम किया जाए। इस पर कोर्ट ने एएसआई को परिसर में धूल साफ करने और घास साफ करने को कहा।नकवी ने अदालत को आश्वासन दिया कि सफाई के दौरान कोई बाधा उत्पन्न नहीं की जाएगी जबकि राज्य के महाधिवक्ता ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखी जाएगी।

संभल पुलिस ने इस दावे का विरोध करते हुए तर्क दिया कि समिति को किसी भी रखरखाव कार्य के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से अनुमति की आवश्यकता है।जवाब में, मस्जिद अधिकारियों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और कहा कि अतीत में अन्य विशेष अवसरों के लिए भी इसी तरह का काम किया गया था। मस्जिद अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि पुलिस की आपत्ति ने धार्मिक गतिविधियों का स्वतंत्र रूप से अभ्यास करने और प्रबंधन करने के उनके अधिकार का उल्लंघन किया है, जिसकी गारंटी संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 द्वारा दी गई है।

# घुसपैठियों की आने वाली है आफत, पुलिस को दिए गए निर्देश



दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, गृह मंत्री आशीष सूद, दिल्ली पुलिस आयुक्त और कानून व्यवस्था एवं समन्वय पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को देश में प्रवेश करने, उनके दस्तावेज बनवाने और उन्हें यहां रहने की सुविधा देने में मदद करने वाले पूरे नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय ने बताया कि अमित शाह ने कहा, दिल्ली में अंतरराज्यीय गिरोहों को निर्मम तरीके से खत्म करना दिल्ली पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अवैध घुसपैठियों का मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए और उनकी पहचान कर उन्हें निर्वासित किया जाना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि डीसीपी स्तर के अधिकारी पुलिस स्टेशनों में जाकर जनसुनवाई शिविर लगाएं और जनता की समस्याओं का समाधान करें। दिल्ली पुलिस को उन स्थानों की पहचान करनी चाहिए जहां रोजाना ट्रैफिक जाम होता है और दिल्ली पुलिस आयुक्त और मुख्य सचिव को बैठक करके इसका त्वरित समाधान निकालना चाहिए, ताकि जनता को राहत मिल सके।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार को जल-जमाव वाले स्थानों की पहचान करके जल-जमाव से निपटने के लिए 'मानसून एक्शन प्लान' तैयार करना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि दिल्ली में निर्माण से संबंधित मामलों में दिल्ली पुलिस की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। 2020 के दिल्ली दंगों के मामलों के त्वरित निपटान के लिए दिल्ली सरकार को विशेष अभियोजकों की नियुक्ति करनी चाहिए ताकि इन मामलों का जल्द निपटारा किया जा सके।

## काट लिया दोस्त का कान.. फिर निगल भी गया, पार्टी के दौरान खूनी..

महाराष्ट्र के ठाणे में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. जहां एक व्यक्ति ने अपने दोस्त के कान का हिस्सा काटकर उसे निगल लिया. यह सनसनीखेज मामला ठाणे के पाटलीपाड़ा इलाके की एक हाउसिंग सोसाइटी का है. जहां बुधवार सुबह यह वारदात हुई. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्तर में नहीं आया है.

इस घटना की शुरुआत एक पार्टी के दौरान हुई. जिसमें 37 वर्षीय श्रवण लीखा और 32 वर्षीय विकास मेनन अपने अन्य दोस्तों के साथ शामिल थे. सब कुछ ठीक चल रहा था. लेकिन अचानक दोनों के बीच किसी बात पर बहस छिड़ गई. बहस इतनी बढ़ गई कि विकास मेनन हिंसक हो गया. उसने गुस्से में श्रवण लीखा के कान का एक हिस्सा दांतों से काट लिया.झगड़ा यहीं खत्म नहीं हुआ. गुस्से से बेकाबू विकास मेनन ने काटे गए कान के टुकड़े को निगल भी लिया. इस अप्रत्याशित हमले से पार्टी में मौजूद अन्य लोग भी स्तब्ध रह गए. घायल श्रवण लीखा को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. घटना के दौरान मौजूद लोगों को अपनी आंखों देखे पर विश्वास नहीं हो रहा था.

इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई और कासरवडावली थाने में विकास मेनन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 117 (2) के तहत स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है. फिलहाल, पुलिस इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि झगड़े की असली वजह क्या थी. आरोपी विकास मेनन अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है. लेकिन पुलिस उसे जल्द ही पकड़ने की कोशिश कर रही है.

यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि गुस्से में लिए गए फैसले किस तरह से भयावह रूप ले सकते हैं. एक साधारण पार्टी जो दोस्तों के बीच खुशियों का मौका थी. देखते ही देखते हिंसा और क्रूरता में बदल गई. पुलिस अब मामले की पूरी जांच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है.

# दिल्ली में महिलाओं के आने वाले हैं अच्छे दिन, इस दिन से मिलना शुरू हो जाएंगे 2,500 रुपये

दिल्ली महिला एवं बाल विकास विभाग को महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक देने, गर्भवती माताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने और गरीब परिवारों को उनकी बेटियों की शादी के लिए सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से पहल के लिए गुरुवार तक प्रस्ताव तैयार करने का काम सौंपा गया है।

दिल्ली में महिलाओं को 8 मार्च तक भाजपा सरकार के वित्तीय सहायता कार्यक्रम के तहत 2,500 रुपये प्रति माह मिलना शुरू हो जाएगा। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। इससे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी इसका संकेत दिया था। यह पहल, जो भाजपा का एक महत्वपूर्ण अभियान प्रतिज्ञा थी, महिलाओं को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। इससे पहले, आप सरकार ने महिला सम्मान योजना शुरू की थी, जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र की पात्र महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक प्रदान किए जाते थे, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 2,100 रुपये करने की योजना है।

दिल्ली महिला एवं बाल विकास विभाग को महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक देने, गर्भवती माताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने और गरीब परिवारों को उनकी बेटियों की शादी के लिए सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से पहल के लिए गुरुवार तक प्रस्ताव तैयार करने का काम सौंपा गया है। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि महिला सम्मान योजना को महिला समृद्धि योजना के रूप में पुन: ब्रांडेड किया जा रहा है, जिसके लाभार्थियों को अब प्रति माह 2,500 रुपये मिलेंगे, जो कि क्सरकार द्वारा पहले वितरित किए गए 1,100 रुपये से एक महत्वपूर्ण वृद्धि है।भाजपा सरकार ने सबसे पहले लाडली बहना योजना शुरू की, जिसने राज्य में महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की। तब से पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों ने इसी तरह की योजनाएं लागू की हैं जो महिलाओं के खातों में सीधे नकद जमा प्रदान करती हैं। 19 फरवरी को भाजपा विधायक दल की नेता चुनी गईं रेखा गुप्ता ने



महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता को प्राथमिकता देने के निरंतर महत्व पर जोर दिया। दिल्ली चुनावों की अगुवाई के दौरान,क्ने अपने प्रमुख वादों में से एक के रूप में 2,100 रुपये की मासिक सहायता प्रदान करने का वादा किया था।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में कानपुर जिलाधिकारी ने 396 लंबित मामलों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारित करने के दिये निर्देश



कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील घाटमपुर में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 421 प्रकरण आये, जिनमें राजस्व विभाग के 198, पुलिस विभाग के 87, विकास विभाग के 69, समाज कल्याण विभाग के 06, जलकल विभाग के 04, ट्यूबवेल के 05, विद्युत विभाग के 12, चकबंदी विभाग के 04 कृषि विभाग के 04, पूर्ति विभाग के 12 बैंक के 2 क्कुष्ठ के 02 व नगर पालिका के 116 प्रकरण सुने गये, जिनको जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करायें गये कि प्रकरणों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिशित करायें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थिनी सोनी देवी पत्नी नरेश नागर, पिंकी देवी पत्नी बबलू नागर, कुसुमा पत्नी धर्मेन्द्र नागर एवं मंजू देवी पत्नी शेरा नागर निवासी अज्योरी, घाटमपुर द्वारा आवास न मिलने की शिकायत पर मौके पर ही परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि उक्त चारो शिकायत कर्ताओं के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास हेतु पात्र हैं तथा उनका सर्वे भी कराया जा चुका है जल्द ही उन्हें आवास मिल जाएगा।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थिनी केशकली पत्नी स्व0 छोटेलाल निवासी मोहल्ला कोटद्वार के प्रार्थना का संज्ञान लेते हुये नायाब तहसीलदार घाटमपुर और एस0एच0ओ0, घाटमपुर को मौके पर जाकर निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये। प्रार्थिनी खुशनुमा पत्नी अब्दुल खालिक निवासी मोहल्ला कटरा पूर्वी के शिकायती प्रार्थना पत्र पर ई0ओ0 घाटमपुर व एस0एच0ओ0 घाटमपुर को निर्देश दिया कि आज ही स्वयं देखे।

प्रार्थी सुरेशचन्द्र सोनी पुत्र मुन्नूलाल सोनी मोहल्ला कोटद्वार की शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी ने तहसीलदार घाटमपुर व ई0ओ0 घाटमपुर को स्वयं मौके पर जाकर देखने तथा निस्तारण पर विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। प्रार्थी हरिशचन्द्र पुत्र करोड़ी लाल निवासी पतारा, घाटमपुर के प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुये ए0एल0सी0 कानपुर को निर्देश दिये कि मौके पर जाकर जाँचकर निराकरण करायें।

जहांगीराबाद, घाटमपुर निवासिनी गीता तिवारी ने शिकायत किया कि उनका घरेलू विद्युत खर्च किए बिना, बिना मीटर रीडिंग के बढ़े 26536 रुपये का बिल भेजा गया।इस पर जिलाधिकारी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए विद्युत मीटर की जाँच कराने के निर्देश दिए। तब, संबंधित अधिकारी द्वारा प्रार्थिनी के घर जाकर विद्युत मीटर को सही कराया गया। इस प्रकार, 9546 रुपए का संशोधित बिल प्रार्थिनी के पास भुगतान हेतु पुन: भेजकर मौके पर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया।

प्रार्थिनी कुन्ती देवी पत्नी कमलेश तिवारी ग्राम पतारा के प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुये एस0एच0ओ0 घाटमपुर को निरोधात्मक व गुण्डा ऐक्ट अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रार्थी शिवराम सिंह पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम बखरिया मजरा तरगांव के शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने वहां मौजूद शिकायतकर्ताओं से कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जिन शिकायतकर्ताओं का मौके पर निस्तारण नहीं हुआ है उन शिकायतों का अगले एक सप्ताह में निस्तारण कराया जाएगा, इन शिकायतों का मेरे द्वारा स्वयं पर्यवेक्षण भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की जो भी जनकल्याणकारी योजनायें संचालित हैं, सम्बन्धित विभाग द्वारा उसकी समीक्षा कर शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाये, यदि कहीं कोई समस्या आ रहीं है, तो उनका निस्तारण कराते हुये लाभ दिलाना सुनिश्चित कराए।

जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण समाधान कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है, इसलिये सभी अधिकारी तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित कराये।

वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत दिव्यांगों को आवास, ऋण व रोजगार हेतु पंजीयन कराया गया। साथ ही, 83 दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनवाकर दिया गया।इनमें से कुछ दिव्यांगों को जिलाधिकारी ने स्वयं दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी के अलावा एस0डी0एम0 घाटमपुर यादवेंद्र सिंह बैस, डी0सी0पी0 साउथ आशीष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 हरिदत्त, जिला पंचायती राज अधिकारी मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह व जिला समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह सहित अन्य सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## 31 मार्च के बाद 15 साल पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा

राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बड़ी बैठक की।बैठक के बाद मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 31 मार्च के बाद 15 साल पुराने वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ बड़े होटल, कुछ बड़े कार्यालय परिसर, दिल्ली हवाई अड्डा, बड़े निर्माण स्थल हैं। हम उन सभी के लिए अपने यहां प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तुरंत एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं।' हम दिल्ली की सभी ऊंची इमारतों में स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। मंत्री ने आगे बताया कि हम दिल्ली के सभी होटलों में स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। इसी तरह, हम इसे सभी व्यावसायिक परिसरों के लिए अनिवार्य बनाने जा रहे हैं।हमने आज निर्णय लिया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी अनुमति चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जब दिल्ली में गंभीर प्रदूषण हो, तो क्लाउड सीडिंग के माध्यम से बारिश कराई जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके।सिरसा ने पर्यावरण विभाग, एमसीडी और एनडीएमसी के साथ बैठक की।

इससे पहले सिरसा ने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा, हमारा मिशन स्वच्छ हवा और पानी सुनिश्चित करके दिल्ली को एक स्वस्थ शहर बनाना है और हम इस दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शहर में प्रमुख पर्यावरण परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। कचरा प्रबंधन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, दिल्ली में कूड़े के बड़े पहाड़ हैं, जिन्हें अरविंद केजरीवाल का प्रशासन 10 वर्षों में नहीं हटा सका। हमारी सरकार के तहत एक वर्ष के भीतर इन्हें साफ कर दिया जाएगा।

# कानपुर देहात क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

बीपीएस न्यूज

कानपुर। देहात क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा माती स्टेडियम में कानपुर देहात क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कराया गया। फाइनल मैच माती मुख्यालय और सुपर सरवन खेड़ा के मध्य खेला गया। सरवन खेड़ा की टीम ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बैटिंग करते हुए सरवन खेड़ा की टीम ने 115 रन बना पाई। जवाब में माती मुख्यालय ने 12 ओवर में 80 रन ही बना पाई और 35 रनों से मैच हार गई। मैन ऑफ द मैच आशीष सिंह को घोषित किया गया जिन्होंने अपनी टीम के लिए हरफनमौला खेल का प्रदर्शन दिया था, प्रतियोगिता में अंपायरों की भूमिका दीपक यादव एवं निर्भय कुशवाहा सिंह एवं कॉमेंटेटर की भूमिका में जोगी लाल अमित यादव रोहित यादव थे।कार्यक्रम में पहुंचे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए ऐसे आयोजन नित्यप्रति किए जाने की बात कहते हुए आयोजक मंडल का आभार व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष मनोज भदौरिया ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह जिला जज जे पी तिवारी अपर जिला जज शरद त्रिपाठी अपर जिला जज दुर्गेश पांडेय अपर परिवारिक जज आशुतोष शुक्ल मजिस्ट्रेट हर्षित अग्रवाल सिविल जज अंकुर सोलंकी सिविल जज सुनील गुप्ता पुलिस कप्तान बीबीजीटी एस मूर्ति श्रीमती दीक्षा यादव समाजसेवी मनोज भदोरिया जी समाजसेवी जी ने खिलाड़ीयों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर कानपुर देहात क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन शिववीर सिंह भदौरिया क्रिकेट बोर्ड सदस्य अभिषेक सिंह पंकज राजावत प्रियांशु ठाकुर नितिन चतुर्वेदी दिलीप कुमार मोनू यादव मंजीत यादव निर्भय कुशवाहा हेमन्त यादव जोगी लाल आदि मौजूद रहे।

# पत्नी से परेशान युवक नहर में कूदा बिधनू में मिला शव, 45 घंटे चला सर्च ऑपरेशन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सचेंडी निवासी युवक ने पत्नी से झगड़ा होने के बाद सोमवार की रात को रामगंगा नहर में छलांग लगा दी थी। 45 घंटे बाद युवक का शव बिधनू के जामू पुल के पास फंसा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और युवक के परिजनों ने कपड़ों से उसकी शिनाख्त की। पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने शव को मॉर्च्यूरी में दाखिल करा दिया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

लालूपुर गांव सचेंडी निवासी देशराज सिंह राजावत के परिवार में छोटा बेटा सनी सिंह (35), बहू व दो नाती और पत्नी हैं। बड़ा बेटा नौबस्ता में रहता है। सनी एक बिस्कुट कम्पनी में सेल्समैन का काम करता है। परिजनों के मुताबिक, सोमवार शाम सनी के मोबाइल पर किसी का फोन आया, जिससे वह देर तक बात करता रहा। इस पर उसकी पत्नी बिफर गई और किसी लड़की से बात करने का आरोप लगा झगड़ने लगी। रात लगभग 9 बजे दोनों के बीच विवाद इतना बड़ गया कि सनी ने अपने गले पर चाकू रख कर जान देने की धमकी देने लगा। इसपर पत्नी ने पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने दोनों को समझाया और झगड़ा शांत कराया। पुलिस के जाने के बाद ही फिर से झगड़ा शुरू हो गया इसपर सनी भाग कर राम गंगा नहर के ऊपर बने सीढ़ी इटारा पुल के पास पहुंचा, वहां उसका साथी नवल भदौरिया मिला। नवल के मुताबिक, नहर किनारे दोनों ने गम भुलाने के लिए शराब पी। इस दौरान वह बहुत दुखी था। शराब खत्म होते ही वह खड़ा हुआ और रामगंगा नहर में छलांग लगा दी। नवल जब तक कुछ समझ पाता अंधेरा होने के कारण सनी पानी में ही लापता हो गया था। जल पुलिस की चार टीमों ने स्टीमर से सर्च ऑपरेशन चलाया। 45 घंटे की सर्च ऑपरेशन के बाद सनी का शव बिधनू जामू पुल के जाल में फंसा मिला।सनी के भाई राजेन्द्र को लेकर पुलिस मौके पर पहुंची। राजेन्द्र ने कपड़ों के जरिए शिनाख्त की जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया गया इंस्पेक्टर सचेंडी पंकज त्यागी ने बताया कि गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। इस मामले में परिजन जो भी तहरीर देंगे उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युग दधीचि देहदान संस्थान व मेडिकल कालेज की संयुक्त नेत्र दान जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

## वॉक फॉर ब्लाइंड्स, दिल में नेत्रहीनों का दर्द, आँखों पर पट्टी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। युग दधीचि देहदान संस्थान एवं मेडिकल कॉलेज के संयुक्त प्रयास से आज मोतीझील में वॉक फॉर ब्लाइंड्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक मनोज सेंगर ने बताया कि नगर में प्रथम बार नेत्रहीनों का दर्द वास्तविक रूप से अनुभव करने के लिए नगर के पचासों गणमान्य एवं सैकड़ो चिकित्सा छात्र आंखों पर पट्टी बांधकर चले और नेत्रदान का संदेश समाज को दिया।

रैली का नेतृत्व देहदान अभियान की महासचिव माधवी सेंगर एवं नेत्ररोग विभाग की अध्यक्ष डॉक्टर शालिनी मोहन ने किया। डॉक्टर शालिनी ने कहा कि अब हमारे पास नेत्र संरक्षण की उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसलिए हम हर समय नेत्रदान स्वीकार कर सकते हैं, अब हमारे पास आई बैंक भी है और प्राप्त कॉर्निया सुरक्षित रखा जा सकता है। रैली का प्रारंभ पूर्व महापौर कैप्टन जगत वीर सिंह द्रोण ने किया। इस अवसर पर विधायक बहन नीलिमा कटियार ने कहा कि उन्होंने स्वयं अपने देहदान व नेत्रदान का संकल्प वर्ष 2020 में किया है और समाज से आग्रह है कि कम से कम अपने नेत्रदान हेतु अवश्य आगे आए। रैली कारगिल गेट से प्रारंभ होकर अमर ज्योति चौक होते हुए पुनः कारगिल गेट पर समाप्त हुई। महिला शक्ति के रूप में आईएमए अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी, बाल आयोग सदस्य डॉक्टर अनीता गुप्ता, अटलजी की पौत्री नंदिता मिश्रा, डॉक्टर रचना दुबे, डॉक्टर अलका दीक्षित, सीमा अग्रवाल ने पूरे उत्साह से नेत्रदान रैली में भाग लिया। धर्मसंघ से पंडित शेष नारायण त्रिवेदी, सुमित मिश्रा, आयकर अधिकारी शरद प्रकाश अग्रवाल, एडवोकेट अजय अग्निहोत्री, रवि तिवारी, प्रकाश धवन, शांति भूषण, क्रांति कुमार, आदित्य कुमार मौजूद रहे। रैली का संयोजन मनोज सेंगर एवं माधवी सेंगर ने किया।

# 40 दिन के रोजे की प्रार्थना सभा, गुड फ्राइडे व ईस्टर पर्व में सुरक्षा की मांग

बीपीएस न्यूज

कानपुर। यूनाईटेड क्रिश्चियन कमेटी ऑफ कानपुर एवं पास्टर्स एसोसिएशन उ0प्र0 पुलिस उपायुक्त हरिश्चंद्र को ज्ञापन सोपा ज्ञापन के दौरान कहां कि विगत वर्षों से प्रशासन के द्वारा क्रिश्चियन समाज के सभी पर्वो में शांति के साथ मनाने में आपका सहयोग प्राप्त होता रहा है। इस वर्ष भी क्रिश्चियन समाज के रोजे (उपवास) जो दि0 05.03.2025 से प्रारम्भ होकर 40 दिनों तक दि0 18.04.2025 (गुड फ्राइडे) तक चलेगे। इन 40 दिनों के उपवास में प्रतिदिन चर्च के सदस्यों, जो कानपुर शहर के सभी थाना क्षेत्रों में निवास करते है उनके घरों में प्रार्थना सभाओं का आयोजन बड़ी शांति के साथ प्रतिदिन किया जाता है। विगत कुछ वर्षों में इन प्रार्थना सभाओ में असामाजिक तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया गया है एवं कई झूठे आरोप भी लगाकार प्रार्थना सभाओ को रोका गया है। इन 40 दिनों के उपवास को क्रिश्चियन समाज के लोग एक पवित्र माह एवं पवित्र उपवास के रूप में मनाते है और शांति के साथ सभी लोगो के लिये प्रार्थना करते है।साथ ही दिनांक 18.04.2025 को गुड फ्राइडे सर्विस कानपुर के प्रत्येक चर्चा में सुबह 11ः30 बजे से दोपहर 03ः00 बजे तक होती है एवं दिनांक 20.04.2025 को ईस्टर पर्व की आराधना सुबह 09ः00 बजे से दोपहर 12ः00 बजे तक प्रत्येक चर्चों में की जाती है साथ ही पिछले 60 वर्षों से यूनाइटेड क्रिश्चियन कमेटी ऑफ कानपुर के द्वारा यूनाइटेड ईस्टर डॉन सर्विस का आयोजन भोर के समय (प्रातः 02ः30) बजे से क्राइस्ट चर्च इण्टर कॉलेज ग्राउन्ड में किया जाता है। जिसमें कानपुर नगर के पूरे मसीह समाज के लोग शाम्मिलित होते है। जिसकी अनुमति प्रत्येक वर्षों में प्रशासन से मिलती रही 05 मार्च 2025 से प्रारम्भ होने वाले 40 दिनों के उपवास प्रार्थनाओं के दौरान मसीह समाज एवं उनके चर्चो को सुरक्षा प्रदान की जायें ताकि पूरा मसीह समाज शांति के साथ अपने पर्वो को मना सकें।इस प्रतिनिधि मण्डल में यूनाइटेड क्रिश्चियन कमेटी ऑफ कानपुर के अध्यक्ष पादरी जितेन्द्र सिंह, महासचिव मिस्टर सी. डैनियल, पादरी एसोसिएशन उ0प्र0 के अध्यक्ष पादरी संजय आल्विन, फादर के.के. एन्टनी, क्राइस्ट चर्च के पादरी संतोष पाण्डेय, कैथलिक एसोसिएशन के अध्यक्ष भाई नोएल जॉर्ज पादरी पप्पू यादव, मेथेडिस्ट चर्च के पादरी विल्सन विक्टर, पादरी सैमसन मसीह, पादरी अनिल गिल्बर्ट, पादरी ए.बी. सिंह, पादरी इन्द्र कुमार, पादरी सैमुअल, पादरी विजय मसीह, पादरी जनार्दन जॉन, पादरी मोहन लाल, पादरी राकेश मैसी, पादरी मनोज जोजफ, पादरी किशन लाल, पादरी अनिल आन्द्रियास, पादरी राजीव मैसी, भाई पंकज घर, भाई आशीष मैसी आदि लोग उपस्थित थे।

# सफाई के लिए नहीं आता कोई कर्मचारी, मेयर बोलीं- अब शिकायत आने पर नपेंगे जिम्मेदार



कानपुर। महापौर आपके वार्ड कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को दो वार्डों में हुआ। वार्ड 59 पुराना सीसामऊ रामेश्रवर मन्दिर तिराहे पर हुये कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनता ने सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े किये। स्थानीय लोगों ने कहा कि सफाई करने के लिये कोई भी कर्मचारी नहीं आता है। इस पर महापौर ने जेडएसओ-4 देवेन्द्र कुमार को मौके पर पहुंचकर सफाई करवाने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा की अब अगर सफाई को लेकर कोई भी शिकायत आयी तो सम्बंधित अधिकारी ही जिम्मेदार होंगे। कैंप में जलकल और अभियंत्रण विभाग की समस्याएं अधिक आई। जिसपर महापौर ने समस्याओं के निस्तारण के लिए समबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। वार्ड 59 पुराना सीसामऊ में लगे कैंप में कुल 15 शिकायतें आईं। जिसमें 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। वहीं, महापौर आपके वार्ड का दूसरा कार्यक्रम वार्ड 32 रामलीला पार्क रायपुरवा में हुआ। यहां ज्यादातर समस्या साफ सफाई और मार्गप्रकाश की लोगों ने दर्ज कराईं। जिसपर महापौर ने सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल समस्याओं का निस्तारण करने के आदेश दिए। यहां कुल 12 समस्याएं आईं जिसमें 5 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

महापौर ने बताया कि अगला कार्यक्रम शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे वार्ड 33 महात्मा गांधी कालेज विजय नगर में और दूसरा कार्यक्रम वार्ड 86 हितकारेश्रवर मन्दिर काकादेव पी ब्लाक में होगा।

# नगर निगम कर्मचारी संघ कानपुर का वार्षिक चुनाव व शपथ ग्रहण समारोह हुआ सम्पन्न

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नगर निगम कर्मचारी संघ कानपुर का वार्षिक चुनाव एवम शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन प्रमिला सभागार में चुनाव अधिकारी गोकुल प्रसाद आनंद की देखरेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी द्वारा सर्व प्रथम उपस्थित सदस्यों से अध्यक्ष/महामंत्री व पदाधीरियो सहित समस्त कार्यकारणी सदस्यों का निर्वाचन हाथ उठाकर आम सहमत से संपन्न कराया इसके बाद सभी निर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों तथा विभागीय संयोजकों को शपथ दिलाया।शपथ ग्रहण करने वालों में मुन्ना हजारियां अध्यक्ष, रमाकांत मिश्र महामंत्री, निर्मल निगम नीलू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेंद्र खन्ना, चौधरी रामगोपाल, मन्नी लाल भारतीय उपाध्यक्ष, रामसुंदर मौर्य, राकेश बाल्मिकी, अली रिजवी सयुक्त मंत्री, शिवशंकर मिश्र कोषाध्यक्ष, संजय हजारिया, राजू पवन कौशल, संगठन मंत्री, पंकज शुक्ला प्रचार मंत्री, दिनेश कुमार गुप्ता कार्यालय मंत्री एवम कार्यकारिणी सदस्य श्री देवीदीन भाऊ, रवि सिंह, श्यामलाल, तुषार सिंह, श्याम मिश्रा, विजय प्रताप सिंह, सौरभ बोस, संजय मिश्रा, मुन्ना पहलवान, भारत, दिलीप तांबे आदि को सर्व सम्मत से निर्वाचित किया गया और विभागीय संयोजक प्रशांत गौतम, वकील मसूद, श्यामधर पांडे, संजय मौर्य, कृपा शंकर गोस्वामी, नरेश अश्रेष्ठ, यादवेंद्र कुमार, कृष्ण बालक, विमल कुमार, हेमंत सिंह आदि लोग विभागीय संयोजक चुने गए।

# जिलाधिकारी ने विकास भवन के निरीक्षण के दौरान कहा - अधिकारी अपने कार्यालय में रह कर जनता की सुने समस्याएं

बीपीएस न्यूज

कानपुर। शासन की नीति के अनुसार सुबह 10 से 12 के बीच समस्त अधिकारी अपने अपने कार्यालय में उपस्थित रह कर जनता की समस्याएं सुने और उनका समय से निराकरण कराए। यह बात विकास भवन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों से कहीं। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा डीआरडीए कार्यालय, डीएसटीओ कार्यालय, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय और जिला कृषि अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कई कमियां मिली, जिनमें कर्मचारियों की अनुपस्थिति, खराब लाइटिंग, और शौचालयों की स्थिति अत्यंत खराब शामिल हैं।निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास भवन के मुख्य द्वार पर समाज कल्याण एवं डूडा विभाग द्वारा स्थापित हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डूडा विभाग के एक कर्मचारी उपस्थित थे। समाज कल्याण के हेल्प डेस्क रजिस्टर में दिन भर में मात्र 5 लोगों के ही नाम दर्ज मिले, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि उन्हें इस कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्य भी दे दिए जाए। तत्पश्चात उन्होंने डीआरडीए कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के दो द्वार में से एक द्वार बंद मिला, जिसमें काफी गंदगी थी, इस पर उन्होंने अधिशाषी अभियंता डीआरडीए पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यालय के रजिस्टर का अवलोकन किया तो उसमें संबंधित के हस्ताक्षर थे परन्तु उनमें नाम नहीं दर्ज थे, इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित के नाम की मोहर पदनाम लगाने के निर्देश दिए।

# बिना नंबर प्लेट हमीरपुर नौबस्ता हाईवे पर दौड़ रहे यमदूत, सागर मार्ग पर हो रहे लगातार एक्सीडेंट

## आगे नंबर प्लेट है पर पीछे नंबर प्लेट ही नहीं नौबस्ता समाधि पुलिया के पास यमदूत ने किया एक्सीडेंट

## एक यमदूत नौबस्ता बाईपास हाईवे से भागा तो, किया गया 5500 का चालान

कानपुर। नौबस्ता हाईवे से हमीरपुर रोड जाने वाले सागर मार्ग पर आए दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं। कारण यमदूतों की अराजकता है। हम बताना चाहेंगे कि हम यमदूत किन को कह रहे हैं, तो आप जान ले ट्रक, डंपर और ट्राला जैसे वाहन है, जो बगैर नंबर प्लेट के अंधाधुंध सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ऐसे वाहन कहीं पर भी एक्सीडेंट करके भाग जाते हैं और इन्हें कोई भी पकड़ नहीं पाता है इसका मुख्य कारण उनके वाहनों के पीछे नंबर प्लेट न होना है। ऐसा ही एक मामला 26 फरवरी शिवरात्रि के दिन का है बिना नंबर प्लेट के ट्रक नंबर क्त्95 ञ्1588 ने समाधि पुलिया के पास एक्सीडेंट कर दिया और ड्राइवर फरार हो गया। इस ट्रक में आगे तो नंबर प्लेट लगी थी लेकिन पीछे नंबर प्लेट गायब थी। खैर इस इस ट्रक को तो लोगों की मदद से पकड़ लिया गया लेकिन ड्राइवर फिर भी फरार हो गया।

वही एक दूसरा ट्रक उसी दिन तौदकपुर रोड से होता हुआ नौबस्ता हाईवे से होता हुआ बर्रा की तरफ निकल गया। इस ट्रक में भी पीछे नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी सिर्फ आगे नंबर प्लेट लगी हुई थी। जिस ट्रक का एक जागरूक व्यक्ति ने समाधि पुलिया से नौबस्ता हाईवे तक पीछा किया और ट्रक का आगे पीछे का वीडियो बना लिया और उस वीडियो के साथ नौबस्ता हाईवे पर मौके पर मौजूद ञ्स्ङ्घ हीरालाल को जानकारी दी। जिस पर मौजूद यातायात पुलिस द्वारा 5500 का चालान कर दिया गया।

इस मार्ग पर ऑटो की भी आरजकता कम नहीं है। गाड़ी पर लिखे हुए नंबर को छुपा कर चलते हैं गाड़ी के ऊपर कुछ ना कुछ लटका कर सजावट कर देते हैं। जिससे स्पष्ट नंबर दिखाई नहीं देता है और यह एक्सीडेंट कर बहुत ही आसानी से निकल जाते हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि बगैर नंबर प्लेट सड़कों पर दौड़ रहे यमदूत (बड़े कमर्शियल वाहनों) पर कब करवाई होती है।

# आध्यात्मिक गुरु संत राजिंदर सिंह जी महाराज का 8 वर्ष बाद कानपुर में हो रहा है दोबारा आगमन

कानपुर। विश्व विख्यात आध्यात्मिक गुरु और सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिंदर सिंह जी महाराज 6 मार्च को कानपुर में 8 वर्ष बाद सत्संग और प्रवचन के लिए दोबारा आ रहे हैं। राजिंदर सिंह जी महाराज 6 मार्च को शाम 7ः00 बजे अपने सत्संग प्रवचन में ध्यान अभ्यास और आध्यात्मिक के विभिन्न पहलुओं को खुलकर समझाएंगे। किस तरह हमारे मनुष्य जीवन के मुख्य उद्देश्य जो कि अपने आप को जानना और पिता परमेश्वर को पाना है मे मददगार हो सकते हैं। सत्संग में भाग लेने वाले श्रोतागण अपने अंतर में दिव्य प्रेम और आनंद का अनुभव करके आध्यात्मिक जागृत का अनुभव कर सकते हैं। और इसी दिन रात 9ः00 बजे प्रभु प्राप्त के जिज्ञासुओं के लिए नाम दान आध्यात्मिक दीक्षा का कार्यक्रम भी इसी जगह आयोजित किया जाएगा।

जिससे संत राजिंदर सिंह जी महाराज जिज्ञासुओं को प्रभु की ज्योति व श्रुति का निज अनुभव प्रदान करेंगे। संत राजिंदर सिंह जी महाराज के सत्संग का कार्यक्रम कानपुर के निराला नगर पराग डेरी के नजदीक स्थित रेलवे ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सावन कृपाल रूहानी मिशन की कानपुर शाखा द्वारा किया जा रहा है। सत्संग के इस कार्यक्रम में सिर्फ कानपुर से ही नहीं बल्कि भारत के विभिन्न राज्यों के हजारों लोगों के अलावा विदेशों से आए लोग भी भाग ले रहे हैं। सत्संग वह नाम दान के इस कार्यक्रम में कानपुर वासियो को सादर आमंत्रित किया जा रहा है।

संत राजिंदर सिंह जी महाराज सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष हैं, जो की एक लाभ न कमाने वाली संस्था है, जिसे साइंस आफ स्पिरिचुएलिटी के नाम से भी जाना जाता है। संत राजिंदर सिंह जी महाराज का जीवन और कार्य विश्व भर के लाखों लोगों को मनुष्य जीवन के मुख्य उद्देश्य को खोजने में मदद करता है। जिससे प्रेम और निस्वार्थ सेवा की एक लगातार चलने वाली यात्रा के रूप में देखा जा सकता है। पिछले 35 वर्षों से जीवन के सभी क्षेत्र के लाखों लोगों को ध्यान अभ्यास की विधि सिखाकर उन्हें अपने वास्तविक आत्मिक रूप से जुड़ने में मदद की है। सावन कृपाल रूहानी मिशन के संपूर्ण विश्व में 3200 से अधिक केंद्र स्थापित है।

# पुलिस भर्ती दौड़ में 13 गिरे, 6 के पैर टूटे, अफसरों ने उठाया तो रो पड़े

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पीएसी ग्राउंड में यूपी पुलिस में भर्ती के लिए दौड़ हुई। दौड़ में शामिल 13 अभ्यर्थी एक के बाद एक गिरते चले गए। इनमें से छह अभ्यर्थियों के पैर टूट गए। दौड़ते-दौड़ते अचानक हड्डी चटकी और अभ्यर्थी कराहते हुए ग्राउंड पर गिर पड़े।

इसी बीच इटावा निवासी अभ्यर्थी देवेंद्र कुमार यादव ने घुटने के बल घिसटते हुए तय समय से एक मिनट पहले ही दौड़ पूरी कर ली। वह करीब 30 मीटर तक घुटनों के बल ग्राउंड में घिसटे। घायल सभी अभ्यर्थियों को अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। गुरुवार को अंतिम राउंड में ग्राउंड में दौड़ लगाते समय उन्नाव के मगरवारा निवासी प्रेम प्रकाश, कन्नौज के तालग्राम निवासी शिवानी राजपूत, सरवनखेड़ा, कानपुर देहात से सर्वेश कुमार, इटावा के देवेंद्र यादव, नगर से धर्मेन्द्र कुमार और फर्रुखाबाद के सुमित कुमार व आशुतोष समेत 13 लोग एक के बाद एक गिरते चले गए। दौड़ते-दौड़ते अभ्यर्थियों के गिरने से वहां मौजूद अफसरों में हड़कंप मच गया। उन्होंने एक-एक कर अभ्यर्थियों को उठाया। इसी बीच इटावा से आए अभ्यर्थी देवेंद्र कुमार यादव उठे, मगर फिर ग्राउंड में गिर पड़े। ऐसे में देवेंद्र ने घुटने के बल घिसटते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ना शुरू कर दिया।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुआ अनुसंधान में नवीनता और प्रगति पर चर्चा

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में प्रोफेसर आरके द्विवेदी के दिशा निर्देशन में स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का भव्यता पूर्वक सफल आयोजन सह निदेशक डॉ अंजू दीक्षित, भौतिक विज्ञान विभाग के द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष का विषय विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार है, जो वैज्ञानिक अनुसंधान में नवीनता और प्रगति को प्रोत्साहित करता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 के अवसर पर स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने नवीनतम अनुसंधान और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में छात्र-छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनियाँ तथा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की महत्ता को समझने और समाज में इसके योगदान को विस्तार से बताया गया। जिनका उद्देश्य विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस मौके पर सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# महाकुंभ के दौरान पवित्र नदियों में स्नान करने से कई जन्मों के धुल जाते हैं पाप- ज्योति बाबा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। 2025 में एक असाधारण असामान्य आध्यात्मिक अवसर जब महाशिवरात्रि और महाकुंभ मेला एक साथ थे यह आध्यात्मिक विकास के लिए एक महान अवसर के साथ भगवान शिव की ऊर्जा पवित्र नदियों के साथ मिल गई, इस शुभ दिन जिन श्रद्धालुओं ने महाकुंभ अमृत स्नान या पवित्र नदियों में भाग लिया है उनका आध्यात्मिक ज्ञान से लेकर बुद्धि तक कई आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं भक्तों के लिए अपनी आध्यात्मिक साधना को बढ़ाने के साथ सांसारिक लोगों को कोटि-कोटि पुण्य का लाभ मिलता है।

ऐसा माना जाता है कि पवित्र स्नान प्रतिकूल भावनाओं और विचारों को समाप्त करके मनोवैज्ञानिक समस्याओं को दूर करता है।

कुंभ के अमृत स्नान में भाग लेने के लिए आवश्यक शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक तैयारी से आध्यात्मिक अनुशासन बढ़ता है। उपरोक्त बात अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख योग गुरू ज्योति बाबा ने महाकुंभ प्रयागराज महाशिवरात्रि के अवसर पर डुबकी लगाने के बाद



एकल नशा मुक्ति युवा भारत अभियान चलाते हुए अपने उद्बोधन में कहीं, श्री ज्योति बाबा ने आगे कहा कि महाशिवरात्रि के दिन पड़ने वाले महाकुंभ के दौरान ब्रह्मांडीय ऊर्जा अपने उच्चतम स्तर पर होती है इस समय के दौरान पवित्र डुबकी लगाने से शरीर और मन की दिव्य ऊर्जा के साथ मन को दिव्य ऊर्जा के साथ संरेखित करके आध्यात्मिक जागृति को बढ़ावा मिलता है। इसके प्रभाव से व्यक्ति की व्यक्तिगत कुरीतियों जैसे नशा आदि दूर हो जाती है।

एशिया बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी योग गुरू ज्योति बाबा ने आगे बताया कि प्रयागराज महाकुंभ महाशिवरात्रि के साथ अपने अंतिम पायदान पर पहुंच गया है और दुनिया के कई रिकॉर्ड, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सबसे ज्यादा किसी एक स्थल पर किसी एक धर्म के आध्यात्मिक कार्यक्रम सनातनी एकता में 66 करोड़ से ज्यादा लोग पहुंचने के एक साथ कई हजार बसो का संचालन, एक साथ 15000 से ज्यादा सफाई कर्मियों का एक साथ भाग लेना, एक साथ कई हजार हैंड प्रिंटिंग लेना। यह सारे रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल दिशा निर्देशन में एवं भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन के कारण संपन्न हुआ है पूरे देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में सकारात्मक ऊर्जा का विस्तार हुआ है। इस अवसर पर बॉलीवुड इंडस्ट्री, हॉलीवुड इंडस्ट्री और इंटरप्रेन्योर, समाजसेवी, राजनेता राष्ट्राध्यक्ष, कलाकार कोई ऐसा क्षेत्र नहीं बचा

# जुए की फड़ से भागे युवक की मौत का मामला-भीम आर्मी का हंगामा, पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की उठाई मांग



बीपीएस न्यूज

कानपुर। महाराजपुर में जुए की फड़ से भागे नीरज पासवान की नाले में गिरकर हुई मौत के बाद रविवार को भीम आर्मी ने दिनभर हंगामा किया। पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई पर अड़े कार्यकर्ता पोस्टमार्टम हाउस में धरने पर बैठ गए। पुलिस विरोध नारेबाजी की। झड़प की भी नौबत आई। कई थानों का पुलिस पोस्टमार्टम हाउस पर मुस्तैद रहा। दोपहर बाद आश्वासन पर शांत हुए तब जाकर डॉक्टरों के पैनल व वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम हो सका।

महाराजपुर पुलिस शनिवार को जुआ की सूचना पर लालापुरवा के खेतों में दबिश देने गई थी। पुलिस पहुंचने पर ऐमा गांव निवासी किसान 30 वर्षीय नीरज पासवान फड़ से भागा था और नाले में जा गिरा था। परिजनों ने पुलिस पर नीरज को डुबाकर मारने का आरोप लगाते हुए रामादेवी स्थित कांशीराम अस्पताल में जमकर हंगामा किया था।

रविवार सुबह भी वहीं हुआ। नीरज के परिजनों के साथ भीम आर्मी के कार्यकर्ता भी पहुंचे और पोस्टमार्टम से पहले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। कोई विवाद न हो, इससे सतर्क पुलिस पहले से पोस्टमार्टम हाउस पर मुस्तैद रही। भीम आर्मी के कौशल वाल्मिकी के साथ अन्य कार्यकर्ता पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिसर में ही धरने पर बैठ गए।

पुलिस विरोधी नारेबाजी करने लगे। धरने की सूचना पर अतिरिक्त फोर्स बुलाई गई। स्वरूपनगर इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय ने भीम आर्मी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़े रहे। आखिरकार दोपहर बाद किसी तरह पोस्टमार्टम की नौबत आई। पुलिस की मौजूदगी में शव अंतिम संस्कार के लिए ड्योढ़ी घाट भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार नीरज की मौत डूबने से होना बताई गई है।

नीरज के बड़े भाई मनोज ने बताया कि चैत का महीना आ रहा है। इसलिए शनिवार को नीरज खेती लेने की बात कहकर घर से निकला था। वह जुए की फड़ पर कैसे पहुंच गया ये परिजन नहीं बता सके। हालांकि परिजनों का कहना था कि घटनास्थल पर कुछ लोग बकरी चरा रहे थे, उन्होंने बताया कि नीरज नाले में गिर गया था। पुलिस उसे बाहर निकाला और फिर पेट पर लात मार रही थी। ऐसी हरकत पर दबिश देने गई टीम पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

भीम आर्मी के कौशल वाल्मिकी ने कहा कि जिसे समाज की रक्षा करने का कार्य सौंपा गया है। वहीं हत्या कर रहा है। प्रशासन के लोग गलती नहीं मान रहे और रिपोर्ट नहीं दर्ज कर रहे हैं। दोषी पुलिस कर्मियों को बचाने में लगे हैं। इस सरकार में न्याय पाना बड़ा मुश्किल हो गया है। जब तक पुलिस पर कार्रवाई नहीं होगी संतुष्ट नहीं होगें।

भीम आर्मी के धरना और नारेबाजी के बाद कानून व्यवस्था के मद्देनजर कई थानों की पुलिस पोस्टमार्टम हाउस पहुंची। पोस्टमार्टम के अंदर और बाहर पुलिसकर्मी तैनात रहे। इंस्पेक्टर स्वरूप नगर सूर्यबली पांडेय के अनुसार अधिकारियों को धरने की जानकारी देकर जो निर्देश मिलेंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## नियुक्त चालीस हज़ार शिक्षकों के लिए भाजपा विधायक राहुल सोनकर से पुरानी पेंशन की माँग रखी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के शिक्षकों ने पूर्व विज्ञापन पर चयनित शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन की माँग पर बिल्हौर विधानसभा के भाजपा विधायक राहुल सोनकर से संपर्क कर उन्हें इस प्रकरण पर आ रही समस्या से अवगत कराया उन्होंने इस प्रकरण पूर्ण सहयोग की बात कही तथा शिक्षकों के आग्रह पर बिल्हौर विधानसभा के भाजपा विधायक राहुल सोनकर ने कानपुर उन्नाव खंड स्नातक क्षेत्र के एमएलसी अरूण पाठक से फोन पर वार्ता की और तत्पश्चात शीघ्र ही अपर प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार से मुलाक़ात कर इस प्रकरण को हल करने पर सहमति जतायी इस अवसर पर 28/03/2005 के पूर्व विज्ञापित पदों पर चयनित शिक्षकों/कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने संबंधी शासनादेश के अनुपालन में आ रही बेसिक शिक्षा विभाग की बाधाओं को दूर करने के लिए सहयोग की माँग की प्रदेश उपाध्यक्ष अभय मिश्र ने कहा कि विशिष्ट बीटीसी 2004 के तहत के शिक्षकों का चयन 2004 की विज्ञप्ति के आधार पर हुआ था जिसके द्वारा प्रशिक्षण के उपरांत 40, हज़ार शिक्षकों की उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के पदों पर नियुक्ति का प्रावधान था परंतु विगत कई दिनों से विभागीय कारणों से पुरानी पेंशन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है लखनऊ में बैठे कई विभागीय अधिकारियों का कहना है कि उनका नियुक्ति का विज्ञापन नियुक्ति का विज्ञापन ना होकर प्रशिक्षण का विज्ञापन था इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में अपने निर्णय में स्पष्ट किया था कि इस प्रक्रिया के तहत चयनित शिक्षकों के संबंध में पुरानी पेंशन के बारे में निर्णय सरकार के द्वारा लिया जा सकता है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अभय मिश्र, प्रदेश संयुक्त मंत्री डॉक्टर आशीष कुमार दीक्षित , जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रगति रघु सक्सेना ,प्रदीप कुमार शर्मा,अजय कुमार कोरथा,मनोज कश्यप ,ज्ञान प्रकाश मिश्रा,पशुपति भूषण सुधा गुप्ता,प्रदीप कुमार सिंह,मधु बाला निगम,अंजूसिंह, इत्यादि उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण एवं ऑन-स्पॉट डॉग पंजीकरण शिविर का किया गया आयोजन

कानपुर। नगर निगम एवं कानपुर केनल वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में घनश्याम दास शिव कुमार इंटर कॉलेज, किदवई नगर, कानपुर में भव्य डॉग शो, नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण एवं ऑन-स्पॉट डॉग पंजीकरण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 132 विभिन्न नस्लों के कुत्तों ने भाग लिया, जिनमें जर्मन शेफर्ड, बॉक्सर, पग, रॉटवाइलर, केन कोर्सो, मिनिएचर पिंशर, डोगो अरजेंटिनो, कैरावन हाउंड, फॉक्स टेरियर, पूडल, पॉमेरियन, साइबेरियन हस्की, गोल्डन रिट्रीवर, बीगल, चाउ-चाउ, राजपल्लयम, फ्रेंच बुलडॉग, डैशहाउंड, डॉबरमैन, जैक रसेल टेरियर, लैब्राडोर रिट्रीवर तथा कॉकर स्पैनियल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

## उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई संपन्न

कानपुर। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस उपायुक्त यातायात रविन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इसमें जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समितियों की बैठकों का आयोजन करने, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने, और यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया।इसके अलावा, बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी स्कूलों-कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जागरूकता और डिबेट कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। एक सप्ताह तक यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सीट बोल्ट लगाने, हेलमेट पहनने आदि पर जोर दिया जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## मण्डल आयुक्त ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मण्डलायुक्त कानपुर मण्डल के0 विजेन्द्र पांडियन की अध्यक्षता में मण्डलायुक्त शिविर कार्यालय के सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में मण्डल के समस्त जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, संयुक्त विकास आयुक्त तथा सम्बन्धित समस्त मण्डलीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा निर्देश दिये गये कि शासन की प्राथमिकता के अनुसार समस्त जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी मण्डल में समस्त निर्माणाधीन परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट को खर्च कराएं, कोई भी बजट वापस न हो यह सुनिश्चित कराया जाए। समस्त जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके जनपद में आरंभ निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर कर, उन्हें युद्ध स्तर में पूर्ण कराएं तथा उन्होंने समस्त निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सी0 एण्ड डी0एस0, कार्यदायी संस्था द्वारा एक करोड़ रुपए की लागत से कृषि विज्ञान केंद्र, औरैया के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति होने पर कार्यदाई संस्था सी0 एण्ड डी0 एस0, की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि समस्त जिलाधिकारी एक मार्च, 2025 से पूरे मण्डल में ई-ऑफिस प्रणाली प्रारंभ करते हुए उसका अनुश्रवण समस्त विभागों के माध्यम से कराएं, जिसकी नियमित समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी स्वयं कर विभागों से फाइल ई-ऑफिस के माध्यम से ही अग्रसारित कराना सुनिश्चित कराएं, जिससे फाइलो की समय से समीक्षा कार्यालयवार की जा सकेगी। संबधित विभाग की जिम्मेदारी तय करते हुये कार्यवाही की जाएगी। इटावा, औरैया, कन्नौज के डीएफओ यह सुनिश्चित करें कि उनकी अनापत्ति के कारण सड़क निर्माण, नहर निर्माण इत्यादि के निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को सोमवार तक हर हाल में निस्तारित कराएं ताकि निर्माण कार्य शुरू होकर पूर्ण हो सके। बैठक में मण्डलायुक्त ने यह भी निर्देश दिये कि मण्डल में सड़क निर्माण कार्य में विद्युत पोल शिफ्टिंग की वजह से जो भी समस्याएं आ रही हैं, उनसे संबंधित दक्षिणांचल के अधिकारी संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर विद्युत पोल शिफ्टिंग के कार्य को युद्ध स्तर पर शिफ्ट कराना सुनिश्चित करें ।

## प्रिंटिंग प्रेस कार्यालय में लगी आग, मची अफरातफरी, दमकल कर्मियों ने पाया काबू

बीपीएस न्यूज

कानपुर। गुरुवार सुबह एक दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगने से अफरातफरी मच गई। लोगों ने पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पूरा मामला किदवई नगर थानाक्षेत्र का है। साकेत नगर रेलवे ग्राउंड के सामने ऑफसेट प्रिंटिंग नाम से प्रिंटिंग प्रेस का कार्यालय है। जिसमें छपाई, पोस्टर डायरी, बिल बुक, विजिटिंग कार्ड, लेटर हेड व कलेण्डर समेत अन्य काम होते है। गुरुवार अचानक से आग लग गई। दुकान से धुआं उठता देख लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग की गाड़ी व पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि आग को पूरी तरह बुझा दिया गया है। आग से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

## कानपुर में हज कमेटी ऑफ इंडिया की पहली ट्रेनिंग हुई



बीपीएस न्यूज

कानपुर।हज कमेटी ऑफ इंडिया की डीटीएस इण्टर कालेज, जाजमऊ में हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा नियुक्त हज ट्रेनर मोहम्मद नासिर खान ने हज ज़ायरीनों को दी।हज ट्रेनिंग 2025 की शुरुआत मौलाना मोहम्मद आशिक इलाही नदवी ने तिलावते कुरानपाक से की। जिसमें हज पर ज़ायरीनों को किसी भी तरह की दिक्कत को दूर करने का सामना कैसे करे इस को डिजिटल स्क्रीन पर बताया। कितना किलो वज़न तक आप अपने बैग में रख सकते है, किस नं0 गेट से आपको जाना है किससे वापसी करनी है, एहराम बांधने हज उमराह का आसान तरीका कुरबानी कराने में किस बात का ख्याल रखें हज ट्रेनिंग के बाद ज़ायरीनों को बुकलेट्स का वितरण किया। ट्रेनिंग के बाद दुआ की दुआ में ऐ अल्लाह अपने हबीब के सदके हमारे मुल्क से जाने वाले सभी ज़ायरीनों को हज करने में आसानी करने, हमारे मुल्क सूबे व शहर में अमनो अमान कायम रहने, नमाज़ की पाबंदी करने की दुआ हुई दुआ में सभी ज़ायरीनों ने आमीन आमीन आमीन कहा। हज ट्रेनिंग कैम्प में डा0 एच एम तौफिक, एच यू खान, मोहम्मद खालिद लारी, एम एच खान, मसीहुद्दीन, अफज़ाल अहमद, जमशेद खान, मोहम्मद आतिफ, अशफाक खान, अलीमुज्ज़फर, शादाब आलम, मोहम्मद कामरान, मोहम्मद फिरोज़ आदि लोग मौजूद थे।

## मनाया शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए में शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस को मनाया गया। तत्पश्चात शहीद चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रध्दांजलि दी। इसके बाद कुलपति डॉ आनन्द कुमार सिंह ने आजाद द्वारा देश को आजादी दिलाने के लिए किए गये कार्यों को याद किया।

इस दौरान उन्होंने शहीद चंद्रशेखर आजाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजाद महान क्रांतिकारी और प्रखर देशभक्त थे।

एक वार ब्रिटिश सिपाहियों ने बालक चंद्रशेखर आजाद को गिरफ्तार कर जब अदालत में पेश किया तो बालक चंद्रशेखर आजाद ने जज के पूछने पर खुद का नाम आजाद बताया पिता का नाम स्वाधीनता और घर का पता जेलखाना बताया। जज भी आजाद की निर्भिकता आत्मविश्वास और देशभक्ति को देखकर अचरज में पढ़ गए और क्रोधित होकर आजाद को 15 कोड़ों की सजा सुना दी। आजाद सजा के दौरान भारत माता की जय बोलते रहे और इसके बाद आजाद ने जीते जी कभी भी ब्रिटिश सिपाहियों के हाथ नहीं आने की प्रतिज्ञा ली। आजाद कहते थे ब्रिटिश हुकूमत के पास ऐसी कोई गोली नहीं बची जो आजाद की जान ले सके। 27 फरवरी 1931 को किसी मुखबिर की सुचना पर अल्फ्रेड पार्क में ब्रिटिश सिपाहियों ने आजाद को चारों तरफ से घेरकर गोलियाँ चलाना शुरू कर दिया। आजाद ने जमकर मुकाबला किया। लेकिन, जब आजाद की पिस्टल में आखिरी गोली बची थी तो अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने के लिए आजाद ने आखिरी गोली अपने सिर में मार ली और इस तरह वीरगती को प्राप्त हुए। इस दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों/वैज्ञानिकों/अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने चंद्रशेखर आजाद अमर रहे का जयघोष किया। तथा दो मिनट

**विज्ञापन कार्यालय-130/ 4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर**

**नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)**



**बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941**







बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।